

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 13 मई 2026 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-045 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## भाजपा कोर ग्रुप से कई दिग्गज किये गये बाहर

**रायपुर,13 मई।** छत्तीसगढ़ भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में एक बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक से ठीक पहले भाजपा के कोर ग्रुप का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें कई पुराने दिग्गजों को जगह नहीं मिली है। भाजपा ने अपने कोर ग्रुप में नए समीकरणों को साधते हुए कुछ प्रमुख नामों को शामिल किया है जिनमें विजय शर्मा,ओपी चौधरी,लता उसेंडी,अमर अग्रवाल,शिव रतन शर्मा को जगह दी गई है सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि प्रदेश के कद्दावर नेता, पूर्व मंत्री और वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल को कोर ग्रुप से बाहर कर दिया गया है। उनके अलावा कई जिग्गजों के नाम इसमें शामिल है जैसे पुन्नूलाल मोहले,रामविचार नेताम,विक्रम उसेंडी,गौरीशंकर अग्रवाल,रेणुका सिंह को कोर गुप्र में जगह नहीं दी गई है

इस बदलाव के पीछे काफी समीकरण और अगले विधानसभा चुनाव के प्लान के इशारे दिखते हैं। भाजपा में कोरग्रुप का बड़ा स्थान है, क्योंकि सारे संगठनात्मक फैसले यहीं होते हैं और नीतियां यहीं तय होती हैं।

**बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं - बृजमोहन अग्रवाल**-इस पूरे घटनाक्रम पर बृजमोहन अग्रवाल ने हैरानी जताते हुए कहा कि उन्हें कोर ग्रुप की बैठक की कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली थी। उन्होंने स्पष्ट किया "मैं अभी दिल्ली से लौटा हूं और मुझे बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं है। राज्य बनने के बाद से मैं हमेशा कोर ग्रुप का हिस्सा रहा हूं और तकनीकी रूप से अब भी सदस्य हूं, लेकिन सूचना न होने के कारण मैं बैठक में शामिल नहीं हो रहा हूं।"

**अचानक बदला गया फैसला?**-सूत्रों के अनुसार, बृजमोहन अग्रवाल के कार्यालय को पहले बैठक में आने का संदेश दिया गया था, लेकिन बाद में अचानक एक और सूचना भेजकर उन्हें आने से मना कर दिया गया। राजनीतिक गलियारों में इसे प्रदेश भाजपा के भीतर सत्ता और संगठन के नए शक्ति संतुलन के रूप में देखा जा रहा है। यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ भाजपा की किसी बड़ी सांगठनिक बैठक या निर्णय प्रक्रिया से बृजमोहन अग्रवाल जैसे कद्दावर नेता को इस तरह दूर रखा गया है।

कोरग्रुप में किए गए बदलाव का असर केंद्रीय भाजपा में दिख सकता है। बंगाल चुनाव के बाद नए अध्यक्ष नितिन नबीन अब फेरबदल की तैयारी में जुट गए हैं और इसी माह नई टीम की घोषणा हो जाने की उम्मीद है। जिन लोगों को कोरग्रुप में रखा गया है, उन्हें केंद्रीय टीम में कोई बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना खत्म हो गई है। भले ही इनका नाम सूची में रखा जाएगा। विजय शर्मा और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का नाम चल रहा है, अब देखना होगा कि इन्हें केंद्रीय टीम में रखा जाएगा अथवा किसी और नेता का नंबर लग जाएगा।कोरग्रुप में पूर्व मंत्री लता उसेंडी और पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी का रुतबा कायम दिख रहा है। हालांकि इन्हें पहली बार कोरग्रुप में रखा गया है, मगर दोनों ही नेताओं की संगठन में अच्छी पकड़ है और संगठन भी इन दोनों पर भरोसा करता है। लता उसेंडी का नाम केंद्रीय भाजपा के लिए भी चर्चा में है। संगठन में साख बना कर रखने वाले और विधानसभा चुनाव हार चुके डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी को भी कोरग्रुप में रख कर प्रमोशन दे दिया गया है।



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद भाजपा नेता ईवी आटो रिक्शा का उपयोग करने लगे हैं। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने भाजपा प्रवक्तागण बैटरी चलित वाहन से भाजपा कार्यालय पहुंचे।

### सोनिया गांधी की तबीयत फिर खराब

**नई दिल्ली,13 मई।** सोनिया गांधी की तबीयत फिर खराब हो गई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोनिया गांधी के साथ उनके बेटे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद हैं। सोनिया गांधी आंख की समस्या को लेकर मेदांता अस्पताल में भर्ती हुई हैं। सोनिया की माइनर सर्जरी होनी है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक वह थोड़ी देर में अस्पताल से डिस्चार्ज होंगी। इससे पहले 25 मार्च 2026 को भी कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ गई थी। चेस्ट समस्या होने के कारण उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय भी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी साथ में मौजूद थे।

### एग्जाम हॉल का वीडियो वायरल करने वाले केंद्र अध्यक्ष समेत 5 सस्पेंड

**महासमुंद,13 मई।** बोर्ड परीक्षा के दौरान एग्जाम हॉल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है. भंवरपुर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परीक्षा केंद्र में बड़ी लापरवाही और अनियमितता पाए जाने के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष और पर्यवेक्षक समेत कुल 5 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.दरअसल, महासमुंद जिले के परीक्षा केंद्र क्रमांक 171031 (स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय, भंवरपुर) में बोर्ड परीक्षा के दौरान सुरक्षा और जांच में गंभीर चूक हुई थी. नियमों को ताक पर रखकर एक छात्रा परीक्षा कक्ष के भीतर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (डिजिटल कैमरा) लेकर प्रवेश कर गई. छात्रा ने न केवल कैमरा अंदर ले जाकर परीक्षा की वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग की, बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया.

### विजय सरकार फ्लोर टेस्ट में पास

**चेन्नई,13 मई।** तमिलनाडु विधानसभा में विजय सरकार फ्लोर टेस्ट में पास कर लिया है। सीएम विजय के समर्थन में 144 वोट पड़े। जबकि विरोध में सिर्फ 22 वोट पड़े। मुख्यमंत्री विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम को समर्थन देने वाले कुल 144 विधायकों में से AIADMK के 25 बागी विधायक भी है। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी डीएमके ( ने सदन से वॉकआउट किया। जबकि वोटिंग के दौरान 5 विधायक गैरमौजूद रहे। फ्लोर टेस्ट पास करने के साथ ही राज्य में उनकी सरकार के बने रहने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

## मुख्यमंत्री साय के काफिले में कम होंगी गाड़ियां

### सभी सरकारी गाड़ियां होंगी ईवी,मंत्रियों को भी खर्च कम करने दी नसीहत

**रायपुर,13 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में ईंधन संरक्षण एवं संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर किए गए आह्वान का समर्थन करते हुए कहा है कि वैश्विक ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के इस दौर में पेट्रोल-डीजल जैसे मूल्यवान संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसी भावना से प्रेरित होकर राज्य शासन द्वारा शासकीय स्तर पर ईंधन की खपत कम करने और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। उन्होंने कहा की कि उनके आधिकारिक भ्रमणों के दौरान अब केवल अत्यावश्यक वाहनों को ही कारकेड में शामिल किया जाएगा। साथ ही मंत्रीगणों तथा विभिन्न निगम-मंडलों के पदाधिकारियों से भी वाहनों एवं अन्य सरकारी संसाधनों के संयमित उपयोग का आग्रह किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शासकीय परिवहन व्यवस्था को अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इसके तहत समस्त शासकीय वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में परिवर्तित करने की दिशा में ठोस कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल ईंधन की बचत करेगा, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से सार्वजनिक परिवहन का अधिकाधिक उपयोग करने, कारपूलिंग अपनाने तथा अनावश्यक निजी वाहनों के उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर हम बड़े सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। यदि प्रत्येक नागरिक ईंधन बचत को अपनी जिम्मेदारी माने, तो यह अभियान एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नेशन फर्स्ट' की भावना के साथ ईंधन संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से राष्ट्रहित में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक जागरूक कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह** ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए देशवासियों से की गई अपील का सम्मान करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। डॉ रमन सिंह ने अपने प्रोटोकॉल काफिले से 4 वाहनों का उपयोग कम करने का फैसला लिया है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रहित में संसाधनों के संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक कर्तव्य की भावना से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जब वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं.



## भाजपा कार्यसमिति की बैठक शुरु

**रायपुर,13 मई।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अरुण साव और विजय शर्मा मौजूद हैं। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित कार्यसमिति के पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता भी बैठक में शामिल हुए हैं। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी राजनीतिक रणनीति और प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। जानकारी के मुताबिक भाजपा कार्यसमिति की बैठक में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। पहला प्रस्ताव महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव होगा। वहीं दूसरा प्रस्ताव छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव के रूप में पारित किया जाएगा। भाजपा नेताओं का कहना है कि प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है और सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिल रही है।बैठक को आगामी चुनावी तैयारियों और संगठनात्मक मजबूती के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

## आरएसएस ने की पाकिस्तान से बातचीत जारी रखने की वकालत

**नई दिल्ली,13 मई।** पुलवामा आतंकी हमले के एक वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस ने पाकिस्तान पर यू-टर्न मारा है। आरएसएस ने केंद्र सरकार से पाकिस्तान से बातचीत और खेल-व्यापार जारी रखने की वकालत की है। हालांकि पुलवामा और पहलगाम जैसे आतंकी हमले का मजबूती से जवाब देने की बात कही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बयान ऐसे समय में आया है, जब पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने पर खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ खून और पानी एक साथ नहीं बहने की बात दोहराई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। दोनों देशों को एक-दूसरे को वीजा भी देना चाहिए। खेलकूद और व्यापार भी होना चाहिए। लेकिन पुलवामा जैसे हमले का जवाब भी मजबूती से देना होगा। होसबाले ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक संबंध पुराने हैं और हम एक ही राष्ट्र रहे हैं। राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व पर भरोसा कम होने के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों और सिविल सोसायटी को आगे आना चाहिए। संघ महासचिव ने कहा कि पाकिस्तान साथ ही हमें बातचीत के दरवाजे बंद नहीं करने चाहिए। हमें हमेशा बातचीत के लिए तैयार रहना चाहिए। व्यापार और कॉमर्स, वीजा जारी करना बंद नहीं होना चाहिए, क्योंकि बातचीत के लिए हमेशा एक खिड़की खुली रहनी चाहिए। इसीलिए डिप्लोमैटिक संबंध बनाए रखे गए हैं। वहां के शिक्षाविदों, खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों को आगे आना चाहिए।

## पीएम मोदी ने अपने काफिले का साइज 50% छोटा किया

**नई दिल्ली,13 मई।** ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया संकट के कारण तेल और गैस की कीमतों में भारी बढ़ोतरी होने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने ईंधन बचत की अपील की थी। पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील पर पीएम मोदी ने खुद अमल किया है। पीएम मोदी ने अपने काफिले का साइज 50% छोटा कर दिया है। इससे प्रधानमंत्री काफीले के साथ चलने वाली गाड़ियों की संख्या आधी हो जाएगी। प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली एसपीजी को इसके निर्देश दिए गए हैं। एसपीजी ने तैयारी भी शुरू कर दी है। पीएम मोदी के नक्शेकदम पर चलते हुए कई मुख्यमंत्रियों ने भी अपने काफिलों में कमी की है। हालांकि, पीएम मोदी की सुरक्षा और एसपीजी के प्रोटोकॉल के तहत आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं को बनाए रखते हुए वाहनों की संख्या में कमी की गई। हैदराबाद में पीएम मोदी ने ये अपील की थी। इसके तुरंत बाद बड़ोदरा और गुवाहाटी के उनके दौरे के दौरान उनके काफिले की गाड़ियों को सीमित किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपनी सुरक्षा के लिए तैनात विशेष सुरक्षा दल को अपने काफिले में वाहनों की संख्या 50 प्रतिशत तक कम करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने एसपीजी को यह भी कहा है कि जहां तक हो सके, बिना नई गाड़ियां खरीदे, उनके काफिले में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को शामिल किया जाए। पीएम मोदी के निर्देशों को एसपीजी ने पालन करना भी शुरू कर दिया है।

**पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए खुद की अपील पर किया अमल**



## सोना 10 हजार और चांदी 18 हजार महंगी

**नई दिल्ली,13 मई।** केंद्र सरकार ने सोने और चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी है. बुधवार को जारी इस आदेश के बाद आज 13 मई को फ्यूचर्स मार्केट खासकर MCX में सोने की कीमतें 10,000 और चांदी की कीमतें 18,000 बढ़ गईं.10 ग्राम सोने की कीमत 1.63 लाख तक पहुंच गई है, जबकि 1 किलोग्राम चांदी की कीमत 2.97 लाख हो गई है. सरकार का मकसद विदेशी खरीदारी पर रोक लगाना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे मौजूदा दबाव को कम करना है. सरकार ने यह फैसला अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे टकराव के बीच लिया है. सरकार ने सोने पर 10% बेसिक कस्टम्स ड्यूटी और 5% एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है. नतीजतन, कुल प्रभावी टैक्स दर अब 15% हो गई है. इससे पहले, 2024 के बजट में, वित्त मंत्री सीतारमण ने इंपोर्ट ड्यूटी 15% से घटाकर 6% कर दी थी. इस बीच, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि टैक्स में बढ़ोतरी से तस्करी की गतिविधियां बढ़ सकती हैं. इससे पहले, जब ड्यूटी कम की गई थी, तो तस्करी में काफी कमी देखने को मिली थी. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र मेहता ने कहा कि सरकार ने यह कदम करंट अकाउंट डेफिसिट को काबू में रखने के लिए उठाया है. चूंकि कीमतें पहले से ही काफी ऊंची हैं, इसलिए इस फैसले का असर ग्राहकों की मांग पर पड़ सकता है.

## हाईकोर्ट ने किया जमानत प्रक्रिया में बदलाव

**बिलासपुर,13 मई।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जमानत प्रक्रियाओं में बड़ा बदलाव किया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने जमानत आवेदनों के मौजूदा स्वरूप (फारमेट) में संशोधन करते हुए अब अभियुक्तों के लिए विस्तृत जानकारी देना अनिवार्य कर दिया है। यह अधिसूचना 11 मई को जारी या है , जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय नियम, 2007' में तत्काल प्रभाव से बदलाव किए गए हैं। नए नियमों के तहत, अग्रिम और नियमित जमानत आवेदनों में पहले इस्तेमाल होने वाली सामान्य जानकारियों को हटा दिया गया है। अब आवेदकों को एक निर्धारित 'टेबल (टैबुलर फार्म) में अपनी पूरी कानूनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी। इस आदेश के बाद अब जमानत की अर्जी देना पहले के मुकाबले अधिक विस्तृत और तथ्यात्मक हो जाएगा। हाईकोर्ट ने नए आवेदन फॉर्म को छह मुख्य भागों में विभाजित किया है. ताकि सुनवाई के दौरान अदालत के पास मामले का पूरा लेखा-जोखा हो। केस का विवरण-एफआईआर नंबर, तारीख, थाना और लगाई गई धाराओं के साथ-साथ उनमें मिलने वाली अधिकतम सजा का ब्यौरा देना होगा। गिरफ्तारी की तारीख और अब तक जेल में बिताई गई कुल अवधि की सटीक जानकारी देनी होगी। ट्रायल का स्टेटस, केस किस स्तर पर है (जांच, चार्जशीट या ट्रायल), कुल कितने गवाह है और कितनों के बयान दर्ज हो चुके हैं, यह स्पष्ट करना अनिवार्य है। आवेदक के खिलाफ पहले से दर्ज एफआईआर और पुराने मामलों की वर्तमान स्थिति (लंबित, बरी या सजा) की जानकारी देनी होगी। पिछली जमानत अर्जीः क्या पहले भी जमानत के लिए आवेदन किया गया था? यदि हां, तो किस कोर्ट में और उसका क्या नतीजा रहा। यदि आवेदक के खिलाफ कोई गैर-जमानती वारंट जारी हुआ हो या उसे 'भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया हो, तो उसका विवरण भी टेबल में देना होगा।



### प्रतीक की मौत जहर से नहीं हुई

**लखनऊ,13 मई।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव की बुधवार की अहले सुबह मौत हो गई है। 38 साल के प्रतीक यादव को सुबह लखनऊ के सिविल अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रतीक के शव का पोस्टमार्टम केजीएमयू में डॉक्टरों के पैनल ने किया है। शरीर पर किसी चोट की पुष्टि नहीं हुई है। सिविल अस्पताल ने कहा है कि प्रतीक की मौत जहर से नहीं हुई है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही साफ होगा। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई गई है। पोस्टमार्टम के दौरान प्रतीक के साले अमन बिष्ट मौजूद थे।

प्रतीक की पत्नी और यूपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव दिल्ली से

## बंगाल में मंदिर-मस्जिद में तेज आवाज में नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर्स

**कोलकाता,13 मई।** पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित बीजेपी सरकार का ताबड़तोड़ फैसले लेने का क्रम जारी है। बंगाल की बीजेपी सरकार ने शपथ लेते ही मंदिरों-मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर्स के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बंगाल में तेज लाउडस्पीकर पर सीएम सुवेंदु की स्ट्राइक हुई है। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने मंदिर और मस्जिद में तेज लाउडस्पीकर बजाने पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने लाउड स्पीकर के नियम सख़्ती से जारी करने का निर्देश दिया है। लाउडस्पीकर के नियमों को लेकर नई गाइडलाइंस जारी की गई है। सुवेंदु सरकार ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया है कि किसी भी धार्मिक स्थल, पूजा या सार्वजनिक कार्यक्रम में हाईकोर्ट के मानकों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने पुलिस प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा है कि यह नियम सभी पर समान रूप से लागू होगा। चाहे मंदिर हो, मस्जिद हो या कोई अन्य धार्मिक आयोजन, ध्वनि प्रदूषण से जुड़े कानूनों का पालन हर हाल में करना होगा। पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी इलाकों में लाउडस्पीकर की आवाज की निगरानी करें। अगर कहीं भी निर्धारित डेसिबल से ऊंची आवाज में लाउडस्पीकर बजते पाए गए, तो प्रशासन उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। राज्य में कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए पुलिस को इन आदेशों को तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया है।



इधर पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी के माइक और लाउडस्पीकर पर सख्त कानून बनाने की मांग पर भाजपा सांसद राहुल सिन्हा ने कहा कि यह कोर्ट का आदेश है। ममता बनर्जी की सरकार में धार्मिक कामों के लिए माइक पर कोई रोक नहीं थी। उन्होंने कोर्ट के आदेशों की अवहेलना की। मौजूदा सरकार धर्म के नाम पर राजनीति नहीं करेगी। वे कानून का पालन करेंगे।

# भावना बोहरा की नई पहल, नए सत्र से कुई-कुकदूर एवं कुंडा कॉलेज की छात्राओं को मिलेगी निःशुल्क बस सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,13 मई।** पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा, सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विधायक भावना बोहरा द्वारा एक और सराहनीय एवं संवेदनशील पहल की जा रही है। आगामी शैक्षणिक सत्र से वनांचल क्षेत्र कुई कुकदुर और कुंडा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों की बेटियों को सुरक्षित, सुगम और नियमित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें उच्च शिक्षा से जोड़ना है। पंडरिया विधानसभा के अनेक ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में आज भी छात्राओं को महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। परिवहन सुविधा के अभाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण कई बार बेटियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। विधायक भावना बोहरा ने इन समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए बेटियों की शिक्षा को बाधित न होने देने का संकल्प लिया है। इस नई सेवा के प्रारंभ होने के साथ ही पंडरिया विधानसभा में विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित कुल 10 निःशुल्क बस सेवाओं का संचालन होगा। अब तक इन सेवाओं से 1000 से अधिक महाविद्यालयीन छात्राएं लाभान्वित हो चुकी हैं। यह पहल न केवल छात्राओं को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध करा रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति निरंतरता को भी मजबूत कर रही है। कुई-कुकदुर महाविद्यालय हेतु बस सेवा ग्राम अमनिया से प्रारंभ होकर ग्राम नेऊर, कुशियारी, दमगढ़, लुढ़ोटाला, उपका, अमेरा, कुकदुर की छात्राओं को लेकर कुई-कुकदुरमहाविद्यालय पहुंचेगी वहीं कुंडा महाविद्यालय हेतु बस ग्राम पेंड्रीकला, बसनी, घोरपेंड्री, कोलेगांव, दामापुर, खैरातुलसी, कोदवाकला, पंवरजली, दुल्लीपारा, माकरी, खैलटुकरी की छात्राओं को लेकर कुंडा महाविद्यालय पहुंचेगी। इस निःशुल्क बस सेवा का लाभ लेने के लिए मोबाइल नंबर 9754462000 एवं 9755359004 पर छात्राएं व उनके परिजन संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।इसी दिशा में विधायक भावना बोहरा जी द्वारा पूर्व में 8 निःशुल्क बस सेवा कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पंडरिया, पांडातराई एवं पिपरिया महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए संचालित की जा रही हैं जो यथावत संचालित होंगी। यह निःशुल्क बस सेवा बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा जहाँ उन्हें सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है वहीं वे अपने उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होकर अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रख रही हैं। अभिभावकों ने विधायक भावना बोहरा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक बस सेवा नहीं, बल्कि वनांचल क्षेत्र की बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने वाला प्रयास है। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज और क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी आधारशिला है। भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा में बेटियों की शिक्षा के प्रति जनजागरूकता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुए क्षेत्र की बेटियों से किये अपने वादों को हम पूरा करने जा रहे हैं।



## डोमशेड निर्माण का भूमिपूजन नपाध्यक्ष ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 13 मई।** जामुल नगर पालिका जामुल में विकास कार्य अनवरत रूप से जारी है। इसी परिपेक्ष में वार्ड क्रमांक 1 में काली मंदिर दौर तालाब के पास पांच लाख रुपये के लागत से डोमशेड निर्माण का स्थल पूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। स्थल पूजन के अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे नगर पालिका क्षेत्र जामुल में प्रत्येक वार्ड में कई प्रकार के विकास कार्य हो रहे हैं। वार्ड क्रमांक 1 के आम जनता एवं वार्ड पार्षद सबीहा करीम खान के अनुशंसा पर डोमशेड का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। मैं आप सभी वार्ड वासियों से आग्रह करता हूं कि आप अपने वार्डों में जिस प्रकार का भी कार्यों की आवश्यकता हो अपने वार्ड पार्षद को अवश्य अवगत करावे या मुझसे सीधे संपर्क भी कर सकते हैं। जिससे हमारे नगर जामुल में किसी प्रकार की विकास कार्यों की समस्या न हो। क्योंकि किसी भी नगर विकास में स्थानीय जनता का मांग एवं सुझाव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्थल पूजन अवसर पर वार्ड पार्षद सबीहा खान, प्रदीप सिंह, संजय शर्मा, दीप्ती देवांगन, गिरवर साहू, स्वाती देवांगन, उमेश बर्मन सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## गीतांजलि साहू 12 वीं में स्कूल में प्रथम आई

**पाटन,13 मई (तरुछस.)।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद की छात्रा गीतांजलि साहू ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। गीतांजलि की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल है। गीतांजलि साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए बताया कि उनका सपना आगे चलकर शिक्षक बनने का है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि गीतांजलि शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्रा रही हैं। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन और मेहनत हमेशा से प्रेरणादायक रही है। गीतांजलि के माता लेखिन साहू और पिता लेमन साहू ने बताया कि उनकी बेटी पढ़ाई को लेकर हमेशा गंभीर रहती थी और घंटों मेहनत करती थी। बेटी की सफलता पर परिवार में गर्व और खुशी का माहौल है।



## एक नजर

### मकानों में सेंधमारी,सात गिरफ्तार



**भिलाई, 13 मई ।** भिलाई जामुल थाना पुलिस ने सूने मकानों में सेंधमारी करने वाली शातिर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए दो महिलाओं और एक नाबालिग समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मकानों की पहले रेकी करते थे और मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर, नकदी और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए हैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी सिम्मी अहिरवार और देव सिंह थापा ने अलग-अलग मामलों में घर में सेंधमारी की शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत के बाद जामुल पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने जांच शुरू की। घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, जिसमें संदिग्ध गतिविधियां सामने आने पर आदतन आरोपी अर्जुन सिंह उर्फ गोरखा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार कर लिया जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुन सिंह उर्फ गोरखा उर्फ सुखविंदर उर्फ सरदार, सोनू सरदार उर्फ पुच्ची, तोप सिंह बंजारे, रूबी कौर, शेख रशीद, हेमा जांगड़े और एक नाबालिग शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी अर्जुन बेहद शातिर है। वह चोरी के बाद जेवर और अन्य सामान अलग-अलग साथियों के पास रखवा देता था और धीरे-धीरे उन्हें बेचकर रकम खर्च करता था, ताकि किसी को उस पर शक न हो। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट के मामले भी दर्ज हैं।

### मवेशी तस्करी,दो हिरासत में



**भिलाई, 13 मई ।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र के पेंड्री में पुलिस ने मवेशियों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है पुलिस ने लांजी नागपुर जा रहे बोलेरो पिकअब एमएच 35 एजे 4771 को गंडई मार्ग पर पेंड्री के पास रोका बोलेरो में 5 मवेशी सवार थे मामले में लांजी बालाघाट के दुर्गेश घोरमारे ( 21 साल ) और एक नाबालिक को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में खुलासा कि आरोपी मवेशियों को नागपुर जा रहे थे। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश कर रहे थे घटना 12 मई की सुबह करीब 3 बजे की बताई गई है संदेह होने पर वाहन की जांच की गई, जिसमें पीछे डाला में तालपतरी से ढंककर 05 नग मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरा हुआ पाया गया सूचना पर थाना धमधा पुलिस मौके पर पहुंची एवं वाहन चालक तथा उसके साथ मौजूद अन्य व्यक्ति से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों द्वारा मवेशियों को बेरला क्षेत्र से लोड कर लांजी होते हुए नागपुर कत्लखाना ले जाना बताया गया। मामले में धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है मामले में पुलिस की विवेचना जारी है ।

विदाई



## प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विदाई समारोह लम्हे आयोजित

**उतई, 13 मई।** प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी. फार्मा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह लम्हे 2026 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रूपेश कुमार गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ख्याति साहू , डॉ अंजना शरद, डॉ . सीमा कश्यप तथा ललित साहू उपस्थित रहे । शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डी. फार्मा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। आयोजन कॉलेज के व्याख्याता खिलेंद्र ठाकुर , बी. सिबानी पात्रा, कंचन चौधरी एव चंचल साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों का किया गया सम्मान



**भिलाई, 13 मई ।** शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शासकीय अस्पताल में नर्सों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष रोहन मून के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में अस्पताल की नर्सों को पुष्प एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनके सेवा भाव, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। रोहन मून ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं। उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर समिति सदस्य विनय, राहुल, सुरेंद्र, कैलाश, पुष्पराज, मयंक, सीमा, सुहानी, रोमा, हेमा, हेमलता सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

## नंदिनी रोड मुख्य नाले की बदहाली को लेकर शिवसेना अध्यक्ष ने की आयुक्त से मुलाकात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 मई ।** करूणा हॉस्पिटल के पास वार्ड क्रमांक 40 के अंतर्गत बहने वाले मुख्य एवं बड़े नाले की बदहाल स्थिति को लेकर शिवसेना के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने आयुक्त राजीव कुमार पांडेय से मुलाकात कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया । आयुक्त पांडेय ने तत्काल नाला सफाई कार्य को संज्ञान लिया है और कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस नाले से खुर्सीपार, छावनी, संतोषी पारा तथा नंदिनी रोड क्षेत्र के नागरिकों को हर वर्ष बरसात के दौरान भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने बताया कि करूणा हॉस्पिटल के पास स्थित पुलिया के नीचे पिछले कई महीनों से 5 से 7 हाईवा गंदगी, कचरा और जलकुंभी जमा है। वहीं पाइप लाइन में अत्यधिक कचरा फंसा होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। हल्की बारिश में ही नाला उफान मारने लगता है, जिससे आसपास की बस्तियों में गंदा एवं बदबूदार पानी घरों में घुस जाता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में हालात भयावह हो जाते हैं। सड़कों पर जलभराव के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित होता है तथा सांप, कीड़े-मकोड़े एवं जहरीले जीव घरों में घुस आते हैं। दूषित पानी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि पूर्व में जलभराव की त्रासदी में एक 3 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत भी हो चुकी है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पहले नाले की चौड़ाई लगभग 60 फीट थी, लेकिन कई स्थानों पर नाला संकरा हो गया है, जिसके कारण जल निकासी प्रभावित होती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नंदिनी रोड पुलिया की मशीनों के माध्यम से व्यापक सफाई कराई जाए तथा लेबर गैंग लगाकर नाले से कचरा और जलकुंभी हटाई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, राजू गुप्ता, संतोष यादव, रमेश सिंह, सुनील सोनी, अमित कुमार, चिन्ना राव सहित बड़ी संख्या में प्रभावित मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान : कीर्ति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,13 मई।** समीपस्थ ग्राम ढौर में आयोजित सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाना है। श्रीमती नायक ने कहा कि इस प्रकार के समाधान शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों का निराकरण एक ही स्थान पर किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से शासकीय कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि शासन का लक्ष्य पारदर्शी, सरल एवं जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराना है, ताकि प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवायें मिल सकें। सुशासन तिहार इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता दोनों को मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं एवं उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।

## पीएम आवास योजना को गति देने स्व सहायता समूहों के साथ बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 मई ।** नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक अंतर्गत अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के उद्देश्य से स्व सहायता समूहों की महिलाओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना अंतर्गत लंबित आवासों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही स्व सहायता समूहों की महिलाओं को घर-घर संपर्क कर हितग्राहियों को निर्माण कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण कराने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निगम के नोडल अधिकारी अनिल सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सामाजिक विशेषज्ञ किरण चतुर्वेदी, सिविल विशेषज्ञ आदित्य ठाकुर तथा एम.आई.एस. अधिकारी अभिषेक बजाज सहित पीआईयू टीम के सदस्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने योजना के लाभ, किस्त भुगतान प्रक्रिया एवं निर्माण कार्य पूर्ण करने के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्व सहायता समूह की महिलाएं क्षेत्रवार सर्वे कर अप्रारंभ आवासों वाले हितग्राहियों से संपर्क करेंगी, उनकी समस्याओं को समझेंगी तथा निगम प्रशासन के सहयोग से समाधान सुनिश्चित करेंगी। इस पहल से योजना के लंबित प्रकरणों में तेजी आने और पात्र हितग्राहियों को शीघ्र पक्के आवास का लाभ मिलने की उम्मीद जताई गई। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने स्व सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की सहभागिता से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा तथा अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

### जिले में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**दुर्ग, 13 मई ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, दुर्ग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा कार्यशाला में शून्य सड़क दुर्घटना लक्ष्य पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 13 मई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा ट्रक संचालकों, यूनियन प्रतिनिधियों, सुपरवाइजरों एवं ड्राइवरों के लिए सड़क सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी ने कहा कि शून्य सड़क दुर्घटना का लक्ष्य तभी संभव है, जब सभी संबंधित पक्ष सुरक्षा नियमों का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने सड़क सुरक्षा को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए अनुशासित वाहन संचालन पर जोर दिया। कार्यशाला में भारी वाहनों के ब्लाइंड स्पॉट, रिवर्सिंग, रात्रिकालीन दृश्यता एवं आपातकालीन सुरक्षा उपायों पर तकनीकी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि डंपर, ट्रेलर, टिपर एवं अन्य भारी वाहनों में हेल्पर की उपस्थिति अनिवार्य है, क्योंकि हेल्पर दुर्घटनाओं की संभावना कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान बोरिया गेट एवं मरोदा गेट क्षेत्र में लगने वाले यातायात जाम, सड़क सुरक्षा चुनौतियों तथा येलो बॉक्स व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई एवं वाहन प्रवेश प्रतिबंधित किए जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अनिल चौधरी सहित अधिकारियों एवं यूनियन प्रतिनिधियों ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर सहमति जताई।

## एनफोर्समेंट विभाग ने 37 अवैध कब्जे हटाए




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 13 मई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एनफोर्समेंट विभाग द्वारा पिछले 15 दिनों के दौरान अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध व्यापक एवं सघन अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के तहत सेक्टर-6 स्थित 4 अनफिट ब्लॉकों से कुल 37 अवैध कब्जे हटाए गए। इस दौरान नगर क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों में स्थित 12 आवासों से भी अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया। वहीं मार्केट क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों के लगभग 5000 वर्ग फुट क्षेत्र से अवैध स्ट्रक्चर हटाकर संबंधित सामग्रियों को प्रवर्तन विभाग की अभिरक्षा में लिया गया। नेवई क्षेत्र में भी विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जों एवं निर्माण गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध निर्माण कार्य तत्काल रुकवाए गए तथा समझाइश और प्रवर्तन कार्रवाई के माध्यम से लगभग 10000 वर्ग फीट भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई पवन कुमार के निर्देशानुसार, ए. बी. श्रीनिवास के मार्गदर्शन एवं रेमी थॉमस के नेतृत्व में संपन्न हुई। अभियान में मुकुंद दास मानिकपुरी, देवानंद चौहान, राममूर्ति, रमाकांत यादव, बलराम शुक्ला, ललन सिंह, अजय मिश्रा, कुद्दुद्दीन कुरैशी, ज्ञानचंद जैन सहित सुरक्षा कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## सिलेंडर ब्लास्ट में 4 की मौत की पुलिस जांच कर रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**दुर्ग, 13 मई।** दुर्ग जिले में सिलेंडर ब्लास्ट से चार लोगों की मौत हो गई सूचना मिलते ही कुम्हारी थाने पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है और जांच में जुटी है कुम्हारी थाना क्षेत्र वार्ड 4 की यह घटना है खपरी रोड कुम्हारी के एक मकान में खाना बनाया जा रहा था, इसी दौरान जोरदार धमका हुआ सिलेंडर ब्लास्ट से पूरे घर में आग लग गई घर से आग की लपटें निकलते देख आसपास के लोगों ने ब्लास्ट की सूचना पुलिस को दी मौके पर फायर बिग्रेड की टीम भी पहुंची ब्लास्ट की वजह से घर में भीषण आग लग गई थी आग पर काबू पाया गया और घर के अंदर से चार लाशें बरामद की गईं हादसे के बाद इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया गनीमत रही की सिलेंडर ब्लास्ट होने से आग दूसरे मकानों तक नहीं पहुंची अगर आग और ज्यादा फैलती तो नुकसान और ज्यादा हो सकता था हादसे के बाद से इलाके में मातम का माहौल है सिलेंडर तक आग कैसे पहुंची फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने बताया कि दुर्ग कलेक्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही हैं सभी लोग यहां मौके पर पहुंचे हैं. सीएम की ओर से पीड़ित परिवार को पांच-पांच लाख की आर्थिक मदद दी जाएगी रहने के लिए मकान बनाकर भी दिया जाएगा शासन की योजनाओं के तहत जो भी आर्थिक मदद होगी वो दी जाएगी पीड़ित परिजनों से मिले स्वास्थ्य मंत्रीघटना की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तत्काल मृतकों के निवास पर पहुंचकर परिजनों से भेंट की और गहरी संवेदना व्यक्त की. स्वास्थ्य मंत्री ने स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण भी किया उन्होंने शोकाकुल परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि यह घटना अत्यंत दुखद है और प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ हैं उन्होंने घटना की उचित जांच कराने एवं प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से सहायता दिलाने की बात कही मृतकों के नाम चांदनी वैष्णव, (45 साल ) अनिल वैष्णव (18 साल ) लक्ष्मी वैष्णव ( 20 साल ) गोपिका वैष्णव (1 साल ) पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि लापरवाही के चलते चार लोगों की जान चली गई बिजली विभाग के अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए मृतक के परिजनों को 50-50 लाख का मुआवजा दिया जाना चाहिए पीड़ित परिवारों के साथ न्याय होना चाहिए ।

## एक नजर

### दसवीं बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का वैष्णव समाज ने किया सम्मान



**राजनांदगांव 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**।दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण वैष्णव समाज से प्रतिभावान छात्र छात्राओं का श्री वैष्णव महासभा ने किया सम्मान। श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव के रेवती रमण वैष्णव सुपुत्री कु रितिका वैष्णव 92,3त्न कोषाध्यक्ष राजकुमार वैष्णव के सुपुत्र गगन वैष्णव ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 86त्न अंक अर्जित किया। ग्राम गोडी रायपुर से वैष्णव समाज के जुड़वां बहन श्रेया वैष्णव 95.6त्न एवं सौम्या वैष्णव 83त्नअंक अर्जित कर वैष्णव समाज का नाम रोशन किया। श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव के पदाधिकारी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेन्द्र दाऊ पूर्व जनपद अध्यक्ष छुरिया रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव जिला सचिव संदीप वैष्णव, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार वैष्णव जिला संरक्षक महेंद्र वैष्णव , कमलेश वैष्णव, पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य साकेत वैष्णव जनपद सदस्य सुश्री प्रीति वैष्णव शौर्य वैष्णव, डालेश्वर वैष्णव ने समाज के मेधावी छात्रों का किया सम्मान कर एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई।

### सेवानिवृत्त होने पर तेजराम पटेल को सहकार्मियों ने दी विदाई



**राजनांदगांव 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। समीपस्थ ग्राम भोथीपार खुर्द स्थित राजाराम मेझ प्रोडक्ट में कार्यरत टाइम कीपर तेजराम पटेल के सेवानिवृत्त होने पर सहकर्मियों द्वारा धूमधाम से विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर साथियों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह, श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्लूकोज़ स्टार्च केमिकल मजदूर संघ के अध्यक्ष योगेन्द्र दास वैष्णव ने बताया कि तेजराम पटेल ने अपने 40 वर्षों के कार्यकाल में बोरा सिलाई, स्टोर, डीएम, माल्टो, गैस गोदाम तथा टाइम कीपर जैसे विभिन्न विभागों में निष्ठापूर्वक सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में कार्य करते हुए तेजराम पटेल का व्यवहार कर्मचारियों के प्रति सदैव कुशल एवं मधुर रहा। अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सरल स्वभाव के कारण वे सभी कर्मचारियों के बीच लोकप्रिय रहे। समारोह में उपस्थित कर्मचारियों एवं साथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में मजदूर साथी मौजूद रहे। भगवती बंछोर स्वामी नाथ यादव उदय कुमार दास वैष्णव अब्दुल नईम शेख दिलीप विश्वकर्मा मूल चंद साहू सालिक साहू सतीश कोसरे सहित श्रमिक गण उपस्थित रहा।

### नाबालिग से अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। थाना लालबाग में दर्ज अपराध क्रमांक 198/2026 धारा 74, 75(1)(द्व) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना लालबाग पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में प्रार्थिया द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 11.05.2026 को जब उनकी नाबालिग लड़की जब टीवी रिचार्ज का रकम देने आरोपी श्रवण भारती के घर गई थी तो आरोपी द्वारा उसके घर में नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत करते हुए उसके साथ जबरन गलत कार्य करने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान पीड़िता की एक और अन्य नाबालिग पुत्री भी वहां मौजूद थी। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# राजगामी अध्यक्ष पूर्णिमा साहू का स्वागत सामाजिक व राजनीतिक संगठन के लोगों ने किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**राजनांदगांव 13 मई।** जिले के स्थानीय सर्किट हाउस में आज राजगामी संपदा की नवनियुक्त एवं सम्मानित अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू से विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े वरिष्ठजनों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया तथा उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। भेंट कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, सामाजिक समरसता एवं आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर अनौपचारिक चर्चा भी हुई।



उपस्थित जनों ने आशा व्यक्त की कि श्रीमती पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में राजगामी संपदा नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी और समाजहित में बेहतर कार्य होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ऋस्र के विष्णु साव, ओमप्रकाश चांडक, दीपचंद रजक, अर्जुनलाल मानिकपुरी, मुन्ना यादव, मुकेश सिन्हा, लोकनाथ साहू एवं श्रीमती गीतांजलि साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं 9 मई को ग्राम सिंघोला में माता भानेश्वरी जयंती समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों की भारी उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, राजगामी अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू एवं प्रदेश साहू संघ के कार्यकारिणी सदस्य मदन लाल साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक विकास को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। माता भानेश्वरी के आदर्शों पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया।

राजगामी अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू का डोंगरगांव एवं चौकी क्षेत्र में भी समाज एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। जगह-जगह उनका स्वागत कर समाज के लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रमों के दौरान समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिला वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कबीर साहेब द्वार एवं मठ के विकास कार्यों के लिए 51 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी



**राजनांदगांव 13 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा आज अपने निवास कार्यालय में विभिन्न हितग्राहियों को मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किया गया तथा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम नादिया में कबीर साहेब द्वार कार्य हेतु मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की तथा कबीर साहेब मठ ट्रस्ट नादिया विकासखंड डोंगरगांव को मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि के तहत 11 लाख रूपए की स्वीकृति दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए राजनांदगांव की अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव को अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने की तैयारी के लिए 5 लाख रूपए की मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार अन्य हितग्राहियों को भी मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर चेक वितरण किया गया। जिसमें ग्राम आलीखुंटा निवासी नोमेश कुमार साहू, गोदावरी बाई, नम्मूलाल साहू को 30-30 हजार रूपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। किलापारा राजनांदगांव पूनम सोनी को शिक्षा हेतु 10 हजार रूपए तथा राजनांदगांव निवासी संतोष सोनी को इलाज हेतु 10 हजार रूपए की मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्रीमती पुर्णिमा साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### पद्मश्री फूलबासन यादव से मिलकर कुशलक्षेम जाना

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज ग्राम चवेली पहुंचकर पद्मश्री फूलबासन यादव से चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनके साथ घटित दुखद एवं अप्रिय घटना के संबंध में जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पद्मश्री फूलबासन यादव के साथ हुई यह अप्रिय घटना चिंताजनक है। पुलिस की सक्रियता से उनका जीवन सुरक्षित हो सका। उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. रमन सिंह ने पद्मश्री फूलबासन यादव से आत्मीय बातचीत के दौरान उनसे इस दुखद घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ में महिला स्वसहायता समूह की लाखों महिलाओं को संगठित कर रोजगार से जोडने् का कार्य कर रही हैं। निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली पद्मश्री फूलबासन यादव के साथ हुई यह अप्रिय घटना टल गई। आगे भी समर्पित भाव से कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि हम सभी हिम्मत बढ़ाने के लिए आपके साथ हैं। जब भी जरूरत होगी सरकार की ओर से मदद मिलेगी। उन्होंने इस घटना के बाद पुलिस विभाग द्वारा तत्परता एवं सक्रियता से की गई कार्रवाई की प्रशंसा की। पद्मश्री फूलबासन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस घटना के बाद पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि पुलिस विभाग को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आगे भी वे ग्राम के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए कार्य करती रहेंगी। इस अवसर पर श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री भावेश बैद, श्री सुमीत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री गौतम पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।



## विश्व रेडक्रॉस दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 13 मई।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बीजापुर की टीम उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुई। यह दल कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश कार्यक्रम में भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रति वर्ष 8 मई को रेडक्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनेट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। रेडक्रॉस संस्था मानवता, सेवा, निष्पक्षता एवं करुणा के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए आपदा स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रॉस चेयरमैन तोमन साहू ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वाइस चेयरमैन रूपेश पाणिग्रही एवं कोषाध्यक्ष संजय पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से राज्य प्रतिनिधि, जिला रेडक्रॉस अधिकारी, काउंसलर शिक्षक तथा जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए दल में जिले की विभिन्न जूनियर रेडक्रॉस इकाइयों से चयनित 30 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें 15 बालक एवं पन्द्रह बालिकाएं, प्रतिभागियों के साथ पुरुष काउंसलर आदित्य ठाकुर यदुनाथ कश्यप, पंचराम कुजूर, महिला काउंसलर लक्ष्मी ठाकुर, एंजेलिना दास, शारदा तोड़ेम भागीदारी ली।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 7 लाख की ठगी, आरोपी पर धारा 420 के तहत मामला दर्ज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 13 मई।** शहर के कालकापारा वार्ड क्रमांक 10 में रहने वाले एक सेवानिवृत्त रेल्वे कर्मचारी के साथ नौकरी लगवाने के नाम पर 7 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी राजन भास्कर (63 वर्ष) ने थाना डोंगरगढ़ में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनका भांजा नितिन टेम्भुरकर वर्ष 2022 में उनकी पुत्री पूजा भास्कर की नौकरी स्नष्टद्ध अथवा अन्य विभाग में लगवाने का झांसा देकर उनसे कुल सात लाख रुपये ले लिया। आरोपी ने अपनी पहुंच और पहचान का हवाला देते हुए नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था। शिकायत में बताया गया है कि यह राशि 11 जुलाई 2022 से 19 सितंबर 2022 के बीच अलग-अलग किश्तों में जमा की गई। इसमें लगभग 5,40,000 रुपये बंधन बैंक के खाते में नगद जमा किए गए, जबकि शेष 1,60,000 रुपये ऑनलाइन पेटीएम के माध्यम से ट्रांसफर किए गए। आरोप है कि रकम लेने के बाद न तो आरोपी ने प्रार्थी की पुत्री की नौकरी लगवाई और न ही पैसे वापस किए। कई बार मांग करने पर भी टालमटोल करता रहा। बाद में 25 अक्टूबर 2024 को आरोपी ने 6 माह के भीतर पूरी राशि लौटाने का इकरारनामा भी दिया, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद रकम वापस नहीं की गई। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी का मामला पाते हुए आरोपी नितिन टेम्भुरकर के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




### संपत्तिकर जुलाई तक जमा करने पर 6.25% एवं दिसम्बर तक 4 %छूट का मिलेगा लाभ

**राजनांदगांव 13 मई।** निगम सीमांतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के सम्पत्तिकर में कलेक्टर गाईड लाईन के अनुसार निर्धारित दर पर पुर्नविचार उपरांत सम्पत्तिकर में भूमि व आवासीय दरो में 10 प्रतिशत तथा व्यवसायिक व औद्योगिक दरो में 20 प्रतिशत वृद्धि किया गया। साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में सम्पत्तिकर का अग्रिम भुगतान करने पर नियमानुसार छुट भी दिया जा रहा है। सम्पत्तिकर के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि बढ़ी हुई सम्पत्तिकर में पुर्नविचार कर सम्पत्तिकर में भूमि व आवासीय दरो में 10 प्रतिशत तथा व्यवसायिक व औद्योगिक दरो में 20 प्रतिशत वृद्धित अनुसार महापौर परिषद एवं सामान्यसभा में स्वीकृति उपरांत वार्डवार दर निर्धारण कर आदेश जारी किया गया है तथा निर्णय अनुसार इस वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से ही नई दर से सम्पत्तिकर लिया जा रहा है। जिन करदाताओ द्वारा बढ़ी हुई दर से सम्पत्तिकर का भुगतान किया गया है उनका आगामी वित्तीय वर्ष में समायोजन किया जायेगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि छ.ग.नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के अधीन नियत तारीख के पूर्व चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर का एकमुश्त भुगतान करने पर छुट का लाभ भी दिया जा रहा है।

## अब मुझे जरूरत पड़ने लगी है चश्मे की.....

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवर I13 मई।** राजनीति इन दिनों ऐसे मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है, जहां चेहरे तो पुराने हैं, लेकिन समीकरण हर दिन नए बनते और बिगड़ते नजर आ रहे हैं। मुस्कुराहट वही है, हाथ मिलाने का अंदाज़ भी वही है, मगर अब नीयत पढ़ने के लिए शायद साधारण आंखें काफी नहीं रहीं। इसलिए शायद किसी नेता ने सही ही कहा था–

अब मुझे भी जरूरत पड़ने लगी है चश्मे की,लोगों के धोखे अब ठीक से नजर नहीं आते नगर पालिका की राजनीति में इस समय सबसे ज्यादा चर्चा उपाध्यक्ष पद को लेकर चल रही है। जिस महिला पार्षद श्रीमती पलक सुखवानी को भाजपा पार्षदों ने मिलकर उपाध्यक्ष बनाया था, आज उन्हीं के खिलाफ हटाने की कवायद तेज होती दिखाई दे रही है। हस्ताक्षर अभियान चल रहा है, बैठकों का दौर जारी है और नेताओं से मुलाकातें भी लगातार हो रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि विपक्ष से ज्यादा घमासान भाजपा के भीतर ही नजर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा पार्षद दो गुटों में बंट चुके हैं। एक पक्ष उपाध्यक्ष के समर्थन में खड़ा दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरा पक्ष नेतृत्व परिवर्तन की रणनीति बनाने में जुटा है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम पर आधिकारिक तौर पर कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। जब भाजपा मंडल अध्यक्ष से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने ऐसी किसी जानकारी से अनभिज्ञता जताई। वहीं स्थानीय स्तर के कुछ बड़े भाजपा नेताओं से संपर्क किया गया तो उन्होंने भी मामले की स्पष्ट जानकारी होने से इनकार किया। लेकिन दूसरी ओर लगातार हो रही पार्षदों की बैठकों ने राजनीतिक हलकों में चर्चाओं को और तेज कर दिया है। तिल्दा-नेवरा की राजनीति अब शतरंज की उस बाजी जैसी लगने लगी है, जहां चालें सामने से कम और भीतरखाने ज्यादा चली जा रही हैं। दिन में समर्थन और रात में रणनीति बदल जाना अब नई बात नहीं रह गई। कई पुराने कार्यकर्ता भी यह कहते सुनाई देते हैं कि पहले विरोधी पहचान में आ जाते थे, अब अपने ही समझ नहीं आते। सबसे बड़ी उलझन जनता के सामने है।

जनता यह समझने की कोशिश कर रही है कि यह लड़ाई सिद्धांतों की है, नेतृत्व की है या फिर केवल राजनीतिक वर्चस्व की। नगर पालिका में कौन किसके साथ है और कौन कब ÷परिस्थितियों÷ के अनुसार अपना पक्ष बदल ले – इसका अनुमान लगाना अब आसान नहीं रहा। तिल्दा-नेवरा की राजनीति में इन दिनों भरोसा शायद सबसे महंगी चीज बन चुका है। इसलिए अब लोगों को सच देखने के लिए सिर्फ चश्मे नहीं, बल्कि राजनीतिक अनुभव की भी जरूरत पड़ रही है

### निदान 1100 में प्राप्त शिकायत पर

# निगम की टीम ने अभियान चलाकर आज व कल में पकडे 12 मवेशी

- बीमार मवेशी ईलाज के लिए गौशाला पिंजरापोल छोड़े

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 मई।** पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी निगम सीमाक्षेत्र के चौक चौराहों में घुमते रहने एवं बैठे रहने से यातायात बाधित होने एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आमजनो एवं मवेशियो को दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकडा जाता है तथा बीमार मवेशी ईलाज के लिए गौशाला पिंजरापोल छोड़ा जाता है। मवेशी धर-पकड अभियान के तहत कल व आज में चौक चौराहो से 12 घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुँचाया गया। इसके अलावा आमजनों द्वारा निदान 1100 में शिकायत करने पर 5 मवेशी पकड़ रेवाडीह कांजी हाउस पहुँचाया गया। जहाँ गंज मण्डी से बचे फल सब्जी लाकर मवेशियो को खिलाया जा रहा है।



मवेशियों को पकड़ने शासन व प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर निगम की घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही के तहत

आज रामदरबार चौक, मठपारा रोड, लखोली नाका, नंदई चौक, बंसतपुर क्लब चौक एवं जिला चिकित्सालय के पास से 7 एवं कल महामाया चौक,महेश नगर, कौरिनभाठा, कमला कालेज रोड, आर.के.नगर से घुमंतु एवं बैठे 5 मवेशी को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है। इसी प्रकार निदान 1100 में ममता नगर, मोहड, आजाद चौक, गौशाला लाईन बजरंगपुर नवागांव से आमजनों द्वारा किये गये शिकायत के आधार पर 5 मवेशी पकड रेवाडीह काजी हाउस में रखा गया है, जहॉ से उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। इसके अलावा रात में दुर्घटना को ध्यान में रखकर शहर के प्रमुख मार्ग व चौक-चौराहो में बैठे तथा विचरण करते मवेशियो को निगम की टीम द्वारा हकाला जाता है। साथ ही सन-सिटी, मोहारा, रायपुर नाका,सुभाष द्वार एवं आम्बेडकर चौक से बीमार मवेशी की सूचना पर उन्हे पकड ईलाज के लिए गौशाला पिंजरापोल छोड़ा गया। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिको से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्यवाही करते हुये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों को 42 लाख रुपये की दी गई स्वीकृति



**बीजापुर 13 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**।कलेक्टर विश्वदीप द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के 85 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 42 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## वामदलों,कांग्रेस ने ममता के एकता प्रस्ताव को नकारा


जब भी भाजपा चुनाव जीत जाती है और विपक्ष में रहने वाला सत्तारूढ़ दल चुनाव हार जाते हैं तो हारे हुए दलों को लगता है कि विपक्षी एकता न होने के कारण चुनाव हारे हैं। सारे विपक्षी दलों ने चुनाव में भाजपा को हराने के लिए मदद नही की।पं.बंगाल की टीएमसी सर्वेसर्वा ममता बैनर्जी को तो ऐसी शिकायत नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस व वाम दल तो पं.बंगाल के चुनाव में चाहते थे कि ममता उनके साथ मिलकर चुनाव लड़े लेकिन ममता को लगता था कि वह इन लोगों को चुनाव में साझीदार बनाएगी तो यह राज्य में मजबूत हो जाएंगे और उसे ही चुनौती देंगे।पं. बंगाल में जब कांग्रेस सत्ता मे थी तो अकेले चुनाव लड़ती थी, वामदलों की सरकार बनी तो वामदल भी अकेले चुनाव लड़ते थे। क्योंकि जिससे सत्ता छीनी जाती है , उसे सत्ता का साझेदार तो बनाया नहीं जाता।वाम दलों ने कांग्रेस को नहीं बनाया और ममता ने इसीलिए वामदलों व कांग्रेस को नहीं बनाया। पं. बंगाल में तो यह परंपरा चली आ रही हैं कि जो सरकार में होता है, वह चुनाव अकेले ही लड़ता है क्योंकि वह अकेले चुनाव जीत सकता है। कांग्रेस अकेले चुनाव जीतती रही है, वामदल अकेले चुनाव जीतते रहे हैं। ममता तीन बार अकेले चुनाव जीती है।सत्तारुढ़ दल चुनाव अकेले हार जाता है तो उसे लगता है कि जिसने उसे हराया है, उसे हराने के लिए अब उसे विपक्ष के दलों की जरूरत है।कांग्रेस,वामदल बंगाल में चुनाव हारे तो उनको लगा कि ममता ने उनको हराया इसलिए उनको ममता को हराने के लिए मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। अब ममता को भाजपा ने हरा दिया है तो ममता को लग रहा है कि उसे भाजपा को हराना है तो उसे कांग्रेस वामदलों की जरूरत है यानी अब ममता सत्ता मे नहीं है तो उसे विपक्ष की याद आ रही है कि विपक्षी एकता कितनी जरूरी है। चुनाव हारने के बाद ममता ने कहा कि मैं बंगाल के सभी विपक्षी दलों,छात्र संगठनों,एनजीओ,सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करती हूं कि भाजपा का विरोध करने के लिए सभी मिलकर एक साझा मंच बनाएं।उन्होंने राष्ट्रीय पार्टियों सहित वामपंथियों,अतिवामपंथियों से भी आग्रह किया कि वे बंगाल के साथ ही दिल्ली में एकजुट हों।अगर कोई राजनीतिक दल मुझसे बात करना चाहता है तो मै उपलब्ध हूं।हमे याद रखना होगा कि अब हमारा पहला दुश्मन भाजपा है।ममता के आग्रह को तो पं. बंगाल के कांग्रेस व वामदलों ने तो ठुकरा दिया है।उन्होंने बीजेपी के खिलाफ एकजुट होने के लिए उनके साथ आने से इंकार कर दिया है।उनका साफ कहना है कि हम टीएमसी के साथ किसी तरह का गठबंधन नहीं करेंगे।पं.बंगाल के विपक्ष का कहना है कि ममता की अपील पर हम ऐसे किसी व्यक्ति को स्वीकार नहीं करेंगे जिसकी पहचान अपराध, उगाही, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिक राजनीति से जुड़ी हो। पं.बंगाल कांग्रेस का कहना है कि ममता ने तो सालों तक वामदलों व कांग्रेस को खत्म करने की कोशिश की है। चुनाव में हमारे खिलाफ दुष्प्रचार किया।उनकी रीति नीति से ही बंगाल मे भाजपा मजबूत हुई है और आज भाजपा ने उनको हरा दिया है तो उनको भाजपा को हराने के लिए विपक्ष की मदद की जरूरत है।वामदलों व कांग्रेस के एकता के प्रस्ताव को ठुकरा देने से विपक्षी एकता फिलहाल को होने से रही खासकर बंगाल में। ममता तो चाहती रहीं है कि विपक्ष उनको नेतृत्व का मौका दे। जब पं.बंगाल में ममता सत्ता में थी तो वह पीएम मोदी व भाजपा को हराने वाली नेता खुद को मानती थी और खुले आम कहती थी वही दिल्ली में पीएम मोदी व भाजपा को हरा सकती है। बशर्ते विपक्ष उनके नेतृत्व करने का मौका दे।कई बार उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व को चुनौती देने की कोशिश भी की। जो राहुल चाहते थे वह संसद के भीतर व बाहर वैसा नहीं करती थी। अब जब ममता चुनाव हार चुकी हैं और पं.बंगाल में भाजपा की सरकार बन गई है तो उसे विपक्षी एकजुटता जरूरी लग रही है।कांग्रेस के लिए तो यह मौका है कि ममता को राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार करने का मौका दिया जाए।इसलिए अभी दिल्ली में कांग्रेस की तरफ से विपक्षी एकता के ममता के नारे पर कुछ कहा नहीं गया है।चुनाव में ममता व स्टालिन के चुनाव हारने के बाद अब विपक्ष में सारे विपक्षी दल के नेता भाजपा व मोदी से हारे हुए नेता हो गए हैं। अब तक ममता व स्टालिन ही ऐसे नेता जो चुनाव हारे नहीं थे अब वह भी चुनाव हारे हुए नेता है, इसलिए अब कांग्रेस की कोशिश होगी कि सारे हारे हुए नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट हो और कांग्रेस जैसा चाहती है वैसा करें। लेकिन ममता के कारण यह इतना आसान नहीं है क्योंकि कुछ नेता चाहते है कि दिल्ली मे विपक्ष का नेतृत्व ममता करे और कांग्रेस ऐसा नहीं चाहती है क्योंकि इससे राहुल गांधी दूसरे नंबर के नेता हो जाते है और उनको ममता का नेतृत्व स्वीकार करना पड़ेगा। फिर राहुल गांधी पीएम पद के दावेदार भी नहीं रह जाएंगे। अभी तो विपक्ष में नेतृत्व की लड़ाई लड़ी जाएगी. उसके बाद विपक्षी एकता के लिए किसी तरह का प्रयास होगा।

समसामयिक

# लोकतंत्र : हकीकत या भ्रम ?

तनवीर जाफ़री

पिछले दिनों देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुये। इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों की रही। चर्चा का



कारण था पश्चिम बंगाल राज्य में पहली बार दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी का सत्ता में आना। दरअसल पश्चिम बंगाल एक ऐसा राज्य है जहाँ प्रायः धर्मनिरपेक्ष सत्तारूढ़ दलों का लंबे समय तक राज करने का इतिहास रहा है। मिसाल के तौर पर स्वतंत्रता के बाद 1947 से लेकर 1977 तक यानी लगभग 30 वर्षों तक यहाँ लगातार कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस शासन में बिधान चंद्र रॉय, प्रफुल्ल चंद्र सेन, और सिद्धार्थ शंकर रे जैसे दिग्गज नेता राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बाद में 1977 में कांग्रेस को हराकर वाम मोर्चा सत्ता में आया और लगातार 34 वर्षों वामपंथी सरकार का शासन रहा। उसके बाद कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी ने मई 2011 में सत्ता संभाली और मई 2026 तक यानी लगातार 15 वर्षों तक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। लगातार तीन कार्यकालों तक सत्ता संभालने वाली राज्य की वह पहली महिला मुख्यमंत्री भी रही हैं। 1947 से लेकर 2026 तक राज्य में जितनी भी सरकारें बनीं वे सभी धर्मनिरपेक्ष सरकारें थीं परन्तु यह पहला मौक़ा है जबकि दक्षिणपंथी विचारधारा की भाजपा ने यहाँ सत्ता संभाली है। 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद जिसतरह सत्ता व अनेक सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग कर,दूसरे राजनैतिक दलों में फूट डालकर या तोड़फोड़कर,भय लालच आदि के बल पर यहाँ तक कि राज्यपालों के पद का खुला राजनैतिक दुरूपयोग कर देश के अनेक राज्यों में भाजपा द्वारा अपनी सरकारें बनाई गयी हैं उसे देखकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की इस बार सरकार बनना कोई ख़ास आश्चर्य का विषय नहीं होना चाहिये। वैसे भी जिसतरह भाजपा को अपनी मनपसंद यानी 'साम्प्रदायिकता ' की 'पिच' पर यहाँ खेलने का मौक़ा मिला उसमें निश्चित रूप से उसे महारत हासिल हो चुकी है। जिन शुभेंदु अधिकारी को भाजपा ने अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया है वह भी मूल रूप से तृणमूल कांग्रेस के ही नेता थे परन्तु




2020 में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने राज्य में भाजपा के आधार का विस्तार किया। यह वही शुभेंदु अधिकारी हैं जिन्हें 2014 में नारदा स्टिंग ऑपरेशन मामले में एक फ़र्ज़ी कंपनी के प्रतिनिधियों से रंगे हाथ नक़द रिश्वत लेते हुए एनडीटीवी के मैथ्यू सैमुअल द्वारा किये गये स्टिंग वीडीओ में दिखाया गया था। 2016 में बंगाल में एक चुनावी सभा में नरेंद्र मोदी ने शुभेंदु जैसे भ्रष्ट व रिश्वतख़ोर नेताओं का ज़िक्र भी किया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मार्च 2017 में नारदा स्टिंग ऑप्रेशन की सीबीआई जांच के आदेश भी दिए थे। स्टिंग ऑप्रेशन के बाद, तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ-साथ शुभेंदु अधिकारी से भी सीबीआई व ईडी ने पूछताछ की थी। बाद में चूँकि शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए इसलिये उन्हें इस मामले में गिरफ़्तार नहीं किया गया। सीबीआई ने 2021 में बताया भी कि उन्होंने शुभेंदु अधिकारी और मुकुल रॉय के ख़िलाफ़ जांच के लिए सरकार से आवश्यक मंज़ूरी न मिलने के कारण कार्रवाई नहीं की। गोया भाजपा की 'वाशिंग मशीन' से पाक साफ़ होने वाले नेताओं में शुभेंदु अधिकारी भी मुख्य नेता हैं। इस समय राज्य में भाजपा के निर्वाचित 207 विधायकों में लगभग 35 विधायक ऐसे हैं जो 2021–2026 के बीच या उससे पहले तृणमूल, कांग्रेस या वामपंथी दलों से आए हुये "दलबदलू " हैं। बहरहाल शुभेंदु अधिकारी अपनी जिस विशेषता के चलते भाजपा की आँखों का तारा बने हैं वह है उनके घोर ज़हरीले व साम्प्रदायिकतावादी बयान। चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव जीतने तक उन्होंने जैसी भाषा का प्रयोग किया है वह किसी धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक देश के किसी नेता की भाषा क़तई नहीं कही जा सकती। जैसे कि नंदीग्राम में अपनी जीत के बाद, उन्होंने कहा कि 'मुसलमान मतदाता कट्टरपंथी हैं और उन्होंने टीएमसी को एकतरफ़ा वोट दिया है। उन्होंने कहा कि "नंदीग्राम की हिंदू जनता ने मुझे फिर से जिताया। वहां मुसलमान वोट पूरा का पूरा TMC को मिला। इसलिए, मैं अब नंदीग्राम के हिंदुओं के लिए काम करूँगा"। इसी तरह उन्होंने मतदान के दौरान एक अत्यंत विवादास्पद बयान देते हुये कहा था कि' हिंदू वोट एकजुट होकर बीजेपी को मिले और मुस्लिम वोट टीएमसी को।" उन्होंने एक जनसभा के दौरान मुसलमानों को 'कट्टरवादी' कहते हुये कहा था कि कट्टर मुसलमान ममता बनर्जी के साथ हैं।" भाजपा की जीत के बाद उन्होंने यह भी कहा था कि वह राज्य के अल्पसंख्यकों के लिये नहीं, बल्कि 'हिंदुत्व' के लिए काम करेंगे। शुभेंदु अधिकारी की मुसलमानों के प्रति नफ़रत की पराकाष्ठा को उनके दिसंबर 2025 के उस बयान से भी समझा जा सकता है जिसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुये हमलों के विरोध में कोलकता में आयोजित एक रैली के दौरान कहा था कि बांग्लादेश को भी "उसी तरह सबक़ सिखाया जाना चाहिए जैसे इज़राइल ने ग़ज़ा को सिखाया"। उन्होंने आगे कहा कि "हमारे 100 करोड़ हिंदू और हिंदू हितों के लिए काम कर रही सरकार को उन्हें वैसे ही सबक़ सिखाना चाहिए'। ज़रा सोचिये जिस ग़ज़ा नरसंहार को लेकर दुनिया के कई प्रमुख देश इस्राईल से रिश्ते ख़त्म कर रहे हैं, जिस ग़ज़ा नरसंहार की वजह से अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने इस्राईली प्रधानमंत्री के विरुद्ध वारण्ट जारी कर रखा है उस तरह के जनसंहार से प्रेरणा लेने वाला व्यक्ति पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के पद पर 'सुशोभित' हुआ है ? शुभेंदु अधिकारी के इस विवादित बयान के बाद इसपर व्यापक राजनीतिक विवाद उत्पन्न हुआ था। भाजपा विरोधियों ने इसे "नग्न नफ़रत भरा भाषण"और "सामूहिक हत्या और जातीय सफ़ाये के लिए ख़ून की प्यासी कॉल" तक क़रार दिया था। बहरहाल आज वही शुभेंदु अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली पसंद के रूप में उभरे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि सत्ता हथियाने के बाद भ्रष्ट व घोर साम्प्रदायिकतावादी सोच रखने वाले व्यक्ति को मुख्यमंत्री बना देना और ऐसे भ्रष्ट व्यक्ति को सत्ता में लाने के लिये चुनाव आयोग से लेकर अन्य केंद्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग करना यहाँ तक कि केंद्रीय सुरक्षा बलों का भी दुरुपयोग करना,मीडिया को अपने पक्ष में बोलने के लिये बाध्य करना आलोचना करने वाले मीडिया व सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर नकेल कसना देश में साम्प्रदायिक विभाजन कराने वाले लोगों को खुली छूट देना क्या यही लोकतंत्र की हक़ीक़त है या फिर हम भारतवासी लोकतंत्र का केवल भ्रम पाले हुये बैठे हैं ?

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी।

वृषभ राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन नई उमंगों भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। परिवार से जुड़ी बड़ी परेशानी खत्म होने के योग हैं।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझनें बढ़ सकती हैं। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार अवश्य करें।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज परिवार में सुख समृद्धि का माहौल रहेगा।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढने़ की कोशिश करेंगे। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आप माता पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को जरूरी काम करने के लिए साहस देंगे, ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जाएंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की खास जरूरत है।

कुम्भ राशिः कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में एक नया मोड़ आने वाला है। यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं.

# हर्ष फायर - खुशी का इजहार या सत्ता का अहंकार

सुनील पांडे ,रायपुर (सामयिक व्यंग्य)

भाई की शादी में जब एक भाजपा नेत्री, लेडी सिंघम बनकर फूल की जगह बंदूक की गोली बरसाए तो इसे खुशी का इजहार कहें या सत्ता का अहंकार। आजकल शादियों में जब तक कान के पर्दे न फटें और बगल से गोली सनसनाती हुई न निकले, तब तक लगता ही नहीं कि किसी 'खास' की शादी है। रायपुर के एक रसूखदार परिवार ने इस बात को साबित कर दिखाया। ऐसा



लगा दूल्हा घोड़ी पर नहीं, बल्कि सीधे मोर्चे पर जा रहा है। शादी का मंडप मानों जंग का मैदान हो। बुलेट और बुफे का अनोखा संगम हुआ। अक्सर शादियों में लोग पनीर टिक्का और गुलाब जामुन की चर्चा करते हैं, लेकिन यहाँ चर्चा का विषय हर्ष फायर था। भाजपा नेत्री ने बंदूक थामकर यह बता दिया कि नारी शक्ति सिर्फ घर चलाने में ही नहीं, बल्कि 'हवा में छेद' करने में भी पीछे नहीं है। आखिर रील भी तो बनानी थी और हम सब जानते हैं कि बिना किसी 'खतरनाक' स्टंट के इंस्टाग्राम पर लाइक नहीं मिलते। यहाँ बाराती नाचने के लिए नहीं, बल्कि निशाना साधने आए थे। मानो पनीर की सब्जी कम पड़ने पर सीधा हवाई हमला बोल दिया। शादी के मंडप में जहाँ 'शुभ-मंगल' के मंत्र गूंजने चाहिए, वहाँ गोलियों की आवाज़ ने बता दिया कि यहाँ मंगल से ज़्यादा 'दंगल' का शौक है। एक पिक्चर का नाम शुभ मंगल सावधान यहां पर सही लगता है। सबसे चिंता जनक बात यह रही कि जहां एक तरफ कानून की दुहाई दी जाती है, वहां दूसरी तरफ बंदूकें ऐसे लहराई जा रही थीं जैसे वे बच्चों के खिलौने हों। बच्चे भी बंदूक को हाथ लगा रहे थे जैसे आरती का थाल हो। शायद इसलिए कि वे बड़े होकर समाज सुधारें न सुधारें, पर रील में 'खलनायक' ज़रूर लगें। बंदूकों का लाइसेंस आत्मरक्षा के लिए मिलता है, पर यहाँ तो आत्ममुग्धता के काम आ रहा है। रील की खातिर कुछ भी करेगा। उन्हें लगा विपक्ष का नेता जब रौब दिखा सकता हैं फिर तो हम सत्ताधारी हैं। सत्ताधारी को पकड़ने के लिए इच्छाधारी पुलिस चाहिए अर्थात इच्छा शक्ति वाली। सत्ता का नशा और बारूद की महक जब मिल जाती है, तो कानून की किताबें केवल पंखा झलने के काम आती हैं। शायद उन लोगों को लगा होगा कि कानून भी तो शादी का ही एक मेहमान है, जो कोने में बैठकर चुपचाप कोल्ड-ड्रिंक पी रहा होगा और सब कुछ देख कर भी 'नजरअंदाज' कर देगा। भाई की शादी तो संपन्न हो गई, लेकिन अब असली 'फायरिंग' पुलिस के सवालों की होनी चाहिए। हालांकि, हमें पता है कि जब रसूख की बात आती है, तो बंदूक की नाल अक्सर नीचे झुक जाती है। पुलिस की मुस्तैदी का आलम यह है कि जब तक वीडियो वायरल होकर पूरी दुनिया का एक चक्कर नहीं लगा लेता, तब तक उन्हें खबर की भनक भी नहीं लगती। घटना के बाद विपक्ष भी ऐसे कूद पड़ा है जैसे उन्हें शादी का न्योता न मिला हो और सारा गुस्सा अब प्रेस कॉन्फ्रेंस में निकाल रहे हैं। अगर इंस्टाग्राम न बनाया गया होता, तो शायद आज कितने नेता जेल जाने से बच जाते।

अब देखना यह है पुलिस इस 'रील' को कैसे डील करती है, कानून इस 'हर्ष फायर' पर कितनी कड़ाई करता है या फिर मामला 'भाई-चारे' की भेंट चढ़ जाता है। प्रशासन "जांच करेंगे" वाले पुराने टेप रिकॉर्डर को बजाने में न लगा रहे। तब तक आप और हम बस रील देखते रहें और दुआ करें कि अपराधी को ऐसा सबक मिले कि दोबारा जुर्रत ना करे।

गंभीर मुद्दा

# 'विद्या मंदिरों' में लगते ताले

निर्मल रानी

देश के लगभग 21 लाख छात्रों का भविष्य पिछले दिनों उस



समय फिर दांव पर लग गया जबकि NEET अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, पेपर लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गयी। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था NTA अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस मामले में स्वयं को ज़िम्मेदार मानते हुये परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। पेपर लीक होने के चलते देश में पहले भी नीट परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं। इसके लिए ज़िम्मेदार कोई भी हो परन्तु इससे सबसे बड़ा नुक़्सान उस मेहनतकश विद्यार्थी को हुआ है जिसने दिन रात एक कर परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम सुनने के बजाये उन्हें परीक्षा के रद्द होने जैसी मनहूस ख़बर सुनाई दी। इस घटना के बाद एक बार फिर हमारे देश की 'विद्या' यहाँ के विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के भविष्य को लेकर चर्चा छिड़ गयी है। एक तरफ़ तो नीट परीक्षा देने वाले जीव विज्ञान,वनस्पति विज्ञान,प्राणी विज्ञान,रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के वे छात्र जो भविष्य में डॉक्टर,वैज्ञानिक,इंजीनियर आदि बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं,उनका भविष्य अधर में लटका दिखाई दे रहा है। तो दूसरी तरफ़ शिक्षा को लेकर सरकार का एजेंडा व उसकी प्राथमिकतायें भी कुछ और ही नज़र आ रही हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में अब भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर धर्म,अध्यात्म,कर्म काण्ड व पंडितों की शिक्षा दी जाने लगी है। यहाँ सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में हिंदू धर्म, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबंधित ग्रंथों (जैसे भगवद्गीता, रामायण, वेद) की शिक्षा दी जा रही है और इससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरकारी फ़ंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन "धर्मों के बारे में शिक्षा" की अनुमति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है। शिक्षा को लेकर हमारा देश इस समय एक ऐसे दुर्भागयपूर्ण दौर से गुज़र रहा है जबकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अनेक लोगों की शिक्षा, उनकी डिग्रियां असली हैं या नक़ली, विधान निर्माता शिक्षित है या अशिक्षित,इसतरह के सवाल उठ रहे हैं। उधर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिये संपन्न लोग अपने बच्चों को पहले भी विदेश भेजा करते थे और आज भी भेजते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री व दुनिया के जाने माने अर्थशास्त्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री हासिल की थी और ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय से 1962 में डी.फ़िल. की उपाधि ग्रहण की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू व राजीव गाँधी भी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,ज्योतिरादित्य सिंधिया,राहुल गांधी,जयराम रमेश ,पी. चिदंबरम,कपिल सिब्बल,सुब्रमण्यम स्वामी,जयंत सिन्हा,रतन टाटा, आनंद महिंद्रा जैसे अनेकानेक राजनेता उद्योगपति व प्रतिष्ठित लोग हारवर्ड,कैम्ब्रिज,ऑक्सफोर्ड या अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। परन्तु हमारे प्रधानमंत्री की नज़रों में शायद इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों या यहाँ की पढ़ाई की उतनी अहमियत नहीं। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि "एक तरफ़ वे लोग हैं जो हार्वर्ड की बात करते हैं, और दूसरी तरफ़ एक ग़रीब का बेटा है, जो अपनी कड़ी मेहनत (Hard work) से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा है"। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने तमिलनाडु में एक सभा में कहा था कि देश को विकास के लिए 'हार्वर्ड' की नहीं, 'हार्ड वर्क' की ज़रूरत है। प्रधानमंत्री के अनुसार 'हार्वर्ड' वालों से ज़्यादा दम 'हार्ड वर्क' वालों में है। ज़रा सोचिये कि क्या पढ़ाई करना 'हार्ड वर्क' की श्रेणी में नहीं आता ? जो बच्चा परीक्षा की तैयारी के लिये दिन रात एक किये रहता है,खाना पीना नींद आराम सब कुछ छोड़कर रोज़ 16 -18 घण्टे पढ़ाई करता है वह क्या हार्ड वर्क नहीं है ? निश्चित रूप से शिक्षा के प्रति शीर्ष सत्ता के इसी मनोभाव की वजह से ही आज देश के विद्या मंदिरों पर घोर संकट छाया हुआ है। विगत 10 वर्षों के दौरान भारत में लगभग एक लाख सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं। यह कुल सरकारी स्कूलों में लगभग 8% की कमी है। आज दुर्भाग्यवश देश में सरकारी स्कूल्स की संख्या बढ़ने के बजाये 11.07 लाख से घटकर क़रीब 10.17 लाख हो गयी है। जबकि शुद्ध व्यवसायिक मॉडल वाले मंहगे निजी स्कूलों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। ग़ौरतलब है कि देश के सरकारी स्कूल्स में प्रायः साधारण परिवारों या ग़रीबों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं जिनमें अधिकांश संख्या एस सी ,एस टी,ओ बी सी व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की होती है। इनमें ज़्यादातर बच्चे किसानों,कामगारों व मेहनतकश मज़दूरों के होते हैं जो वास्तव में शिक्षा के हक़दार भी हैं और शिक्षा उनके भविष्य व जीविकोपार्जन के लिये बेहद ज़रूरी भी है। परन्तु सरकार की विद्या व विद्यालय विरोधी नीतियों के चलते देश में अब तक लगभग 65 लाख बच्चे स्कूल जाना छोड़ चुके हैं। सरकार द्वारा इस संबंध में यह तर्क दिया जाता है कि छात्रों की अपेक्षित संख्या न होने,संसाधन बचाने और बेहतर शिक्षा के कारण,इंफ्रास्ट्रक्चर व अध्यापकों की कमी या पोस्ट-कोविड




प्रभाव कारण अनेक विद्यालयों का विलय पास पड़ोस के गांव में कर दिया गया है। जबकि उनकी दूरी 2 किलोमीटर से 8 किलोमीटर तक है। इतनी दूर बच्चों के स्कूल जाने के लिये न तो सरकार ने कोई उपाय किया है न ही अभिभावकों के पास कोई सामर्थ्य है। ख़ासकर अपनी बच्चियों को वैसे भी कोई मां बाप इतनी दूर के स्कूल नहीं भेजना चाहेगा। ऐसे में इस शिक्षा विरोधी सरकारी नीति के चलते बच्चों के अंधकारमय भविष्य का कौन ज़िम्मेदार है ? ज़ाहिर है जब यह प्राथमिक शिक्षा ही हासिल नहीं कर सकेंगे तो यह भला हार्वर्ड कैसे जा सकेंगे। और ऐसे में इन्हें प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार 'हार्ड वर्क ' यानी मेहनत मज़दूरी करके ही अपना जीवन यापन करना पड़ेगा। उधर दावा यह भी है कि भारत विश्व गुरु बनेगा। कुछ अति उत्साही लोग तो कह रहे हैं कि भारत विश्व गुरु बन चुका है। परन्तु लगता है कि वर्तमान सरकार केरल की औसत शिक्षा दर से डरी हुई है ? शायद वह समझ रही है कि आज जो बच्चा पढ़ेगा वही कल सत्ता से सवाल करेगा,अपनी शिक्षित बुद्धि का इस्तेमाल करेगा,तर्क वितर्क करेगा और कुतर्कों के झांसे में नहीं आएगा,अन्धविश्वास विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद करेगा। शायद इसी वजह से देश के विद्या मंदिरों में ताले लगते जा रहे हैं।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर, 13 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित 3 परिवारों हेतु चार-चार लाख रूपए के मान से कुल 12 लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बस्तर अंतर्गत ग्राम भोंड निवासी सुशांत मौर्य की सर्पदंश से हुई मृत्यु के पश्चात उनके पिता फूलचंद मौर्य तथा ग्राम झारतरई निवासी सिद्धार्थ कश्यप की गाज गिरने से मृत्यु होने के कारण पिता हाड़ीराम कश्यप को चार-चार लाख रुपए और ग्राम भोंड निवासी रूकनी कश्यप की सर्पदंश से हुई मृत्यु के पश्चात पुत्र अस्तुराम कश्यप एवं पुत्र रनूराम कश्यप को सयुंक्त रूप से चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाने के निर्देश तहसीलदार बस्तर को दिए गए हैं।

### मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस



**जगदलपुर, 12 मई ।** मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस आज मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर स्टाफनर्सों ने केक काटकर आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन मनाया। उन्होंने मरीजों की बिना किसी भेदभाव के सेवा करने का शपथ भी लिया। प्रति वर्ष 12 मई को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर उनकी याद में समर्पित है। स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में नर्सिंग कर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। आज के दिन नर्सों के सेवाभाव को विशेष रूप से सलाम किया जाता है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस वर्ष 1974 में मनाया गया था। इंटरनेशनल काउंसिल ऑफनर्सेस ने हर साल 12 मई को यह दिन मनाने का निर्णय लिया था। यह दिवस स्वास्थ्य क्षेत्र के चिकित्सा कार्यों में नर्सों के महत्व को दर्शाता है। जगदलपुर में मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल, सीएससी और पीएचसी की नर्सों ने इस दिन को खास बनाया। उनका 24 घंटे का समर्पण मरीजों के लिए अमूल्य है। लेडी विद लैंप के नाम से मशहूर फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक महान नर्स थीं। उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। उनका जन्म 12 मई 1820 को इटली में हुआ था। एक समृद्ध परिवार से होने के बावजूद, उन्होंने लोगों की सेवा के लिए नर्सिंग का पेशा अपनाया। वर्ष 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान उन्होंने दिन-रात बिना रुके सेवा की। वह घायलों को देखने के लिए रात को एक लैंप लेकर निकलती थीं। इसी कारण उन्हें लेडी विद लैंप के नाम से जाना जाने लगा। उनका समर्पण आज भी नर्सों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### सेवानिवृत्ति के महीनों बाद भी दर्जनों रिटायर्ड प्राचार्यों को नहीं मिली पेंशन

**जगदलपुर, 13 मई ।** स्कूल शिक्षा विभाग में सेवा निवृत्ति के ठीक पहले मिला प्राचार्य पद का प्रमोशन अब कई व्याख्याताओं के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। हालात ऐसे हैं कि सेवानिवृत्ति के कई महीने बीत जाने के बाद भी दर्जनों रिटायर्ड प्राचार्यों को न तो पेंशन मिल पाई है और न ही पीपीओ जारी हो सका है। इससे नाराज भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने अब नया रायपुर स्थित संचालक लोक शिक्षण कार्यालय और शिक्षा सचिव कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पेंशनर्स महासंघ के बस्तर संभाग अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री रामनारायण ताटी ने बताया कि शासन की लापरवाही के कारण रिटायर्ड प्राचार्य दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि नियमानुसार किसी भी कर्मचारी को सेवा निवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश और समस्त स्वत्वों का लाभमिल जाना चाहिए, लेकिन शिक्षा विभाग में खुद शासन के आदेशों का पालन नहीं हो पा रहा है। सबसे बड़ी समस्या न मांग, न जांच, न घटना प्रमाण पत्र जारी नहीं होने की बताई जा रही है। इसी दस्तावेज के अभाव में संयुक्त संचालक कोष लेखा कार्यालय से पीपीओ जारी नहीं हो पा रहा।

# कारली पोटा केबिन में व्यक्तित्व विकास शिविर में दिया गया संस्कार,सेवा और राष्ट्र निर्माण का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 13 मई ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ द्वारा कन्या आवासीय पोटा केबिन, कारली में 9 मई से 14 मई तक छह दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व विकास युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा प्रमुख अनिल कश्यप के नेतृत्व में आयोजित यह शिविर युवा चेतना, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का प्रेरणादायी केंद्र बना हुआ है।

शिविर में जिले भर से लगभग 150 युवक-युवतियाँ भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण टोली नायक मिलन सिन्हा, नारी जागरण प्रमुख तुलसी साहू, बीरेंद्र साहू और दुष्यंत कोलियारी द्वारा युवाओं को जीवन जीने की कला, व्यक्तित्व निखार, नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और समाज सेवा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम कारली में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से युवाओं ने समाज को नशामुक्त बनाने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।




कार्यक्रम को सफल बनाने में धनेस साहू सपत्नीक, रेख राम साहू सपरिवार, अनिल नाग, सहदेव मंडावी, गुरबन्धु सिन्हा, शीला यादव और मनोज कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने तन, मन और धन से सहयोग प्रदान किया। गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों से प्रेरित यह शिविर सत्य, सनातन धर्म, संस्कार और विश्व कल्याण के संदेश को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब युवा शक्ति जागृत होती है, तो समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग स्वतः प्रशस्त हो ही जाता है।

# बस्तर में मानसून से पहले सीड बॉल तकनीक व जल संरक्षण संरचनाएं संजीवनी साबित होंगी : उत्तम कुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 मई ।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में मानसून से पहले जंगलों और जल संरक्षण को लेकर बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग 'वर्षा जल जहां गिरे, वहीं सहेजें' मिशन के तहत पहाड़ी और पथरीले इलाकों में सीड बॉल तकनीक का इस्तेमाल कर हरियाली बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। साथ ही बड़ी संख्या में जल संरक्षण संरचनाएं बनाकर बारिश की हर बूंद को जमीन में सहेजने का प्रयास किया जा रहा है। इससे न केवल भूजल स्तर सुधरेगा, बल्कि वन्यजीवों और पर्यावरण को भी बड़ा लाभ मिलेगा। बस्तर के वन मंडलाधिकारी के अनुसार सीड बॉल तकनीक और जल संरक्षण संरचनाएं बस्तर के भविष्य के लिए संजीवनी साबित होंगी। इससे न केवल वनों की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि वन्यजीवों के लिए ग्रीष्मकाल में भी पेयजल की कमी नहीं होगी।



बस्तर वनमंडल ने इस वर्ष जल संवर्धन के लिए तकनीकी रूप से सटीक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 1.8 लाख एससीटी ये खाइयां पहाड़ी ढलानों पर बहते पानी की गति को रोककर उसे जमीन के भीतर समाहित करती हैं। 1.3 लाख लूज बॉल्डर चेकडैम (एलबीसीडी) नालों में पत्थरों के छोटे बांध बनाकर मिट्टी के कटाव को रोका जा रहा है और नमी बरकरार रखी जा रही है। बस्तर की उन दुर्गम और अत्यधिक ढलान वाली पहाड़ियों पर, जहां पारंपरिक वृक्षारोपण संभव नहीं है, विभाग सीड बॉल्स का उपयोग कर रहा है। मिट्टी और खाद के आवरण में सुरक्षित इन बीजों को मानसून की पहली बारिश के साथ पथरीले इलाकों में डाला जाएगा, जो प्राकृतिक रूप से अंकुरित होकर हरित आवरण का विस्तार करेंगे। कंटूर वुडन बंड में पहाड़ी ढलानों पर लकड़ियों को कंटूर लाइन में व्यवस्थित कर वर्षा जल और मिट्टी के कटाव को रोका जा रहा है।

बस्तर के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि विभाग का ध्यान केवल निर्माण पर नहीं बल्कि गुणवत्ता पर है। सीड बॉल तकनीक और जल संरक्षण संरचनाएं बस्तर के भविष्य के लिए संजीवनी साबित होंगी। इससे न केवल वनों की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि वन्यजीवों के लिए ग्रीष्मकाल में भी पेयजल की कमी नहीं होगी। अभियान में स्थानीय वन प्रबंधन समितियों का सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है। वन विभाग समस्त नागरिकों से कहा कि वे भी जल संरक्षण की इस मुहिम का हिस्सा बनें।

# लाखों की निविदा से जुड़ा स्पीड पोस्ट रहस्यमय ढंग से गायब, डाक विभाग से शिकायत

■ नगर निगम की महत्वपूर्ण निविदा दस्तावेज नहीं पहुंचे गंतव्य तक, गुम होने की आशंका पर जांच और एफआईआर की मांग

**जगदलपुर 13 मई।** नगर निगम जगदलपुर से जुड़ी एक महत्वपूर्ण निविदा प्रक्रिया के बीच स्पीड पोस्ट से भेजे गए दस्तावेजों के रहस्यमयी तरीके से गायब होने का मामला सामने आया है। रायपुर स्थित राघव एडवरटाइजिंग ने इस संबंध में प्रधान डाकघर जगदलपुर के डाक अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया निविदा दस्तावेज निर्धारित स्थान तक नहीं पहुंच पाया, जिससे निविदा प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

शिकायत पत्र के अनुसार राघव एडवरटाइजिंग रायपुर द्वारा 6 मई 2026 को रायपुर एनएसएच से स्पीड पोस्ट आर्टिकल क्रमांक EC461174536IN के जरिए आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर को मिनी स्मार्ट पीपीपी मॉडल के तहत स्थापना एवं संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति से संबंधित निविदा दस्तावेज भेजे गए थे। दस्तावेजों के साथ 2 लाख रुपए की डिमांड ड्राफ्ट सहित अन्य जरूरी कागजात भी संलग्न थे। डाक विभाग की ऑनलाइन ट्रैकिंग रिपोर्ट में यह स्पीड पोस्ट 8 मई 2026 को सुबह 8 बजकर 53 मिनट पर जगदलपुर डाकघर पहुंचना दर्शाया गया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि ऑनलाइन रिकॉर्ड में डाक सामग्री के जगदलपुर पहुंचने की जानकारी होने के बावजूद संबंधित कार्यालय तक उसकी डिलीवरी नहीं हुई। लगातार संपर्क और जानकारी जुटाने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि उक्त स्पीड पोस्ट वर्तमान में डाकघर में उपलब्ध नहीं है। इसके बाद दस्तावेजों के गुम होने की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ता ने इसे बेहद गंभीर मामला बताते हुए कहा है कि इसमें महत्वपूर्ण निविदा दस्तावेज और बड़ी राशि का डिमांड ड्राफ्ट शामिल था।

राघव एडवरटाइजिंग ने अपने आवेदन में आशंका जताई है कि स्पीड पोस्ट को जानबूझकर गायब या गुम किया गया हो सकता है, जिससे उनकी संस्था निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सके। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि इस पूरे घटनाक्रम में विभागीय कर्मचारी, बाहरी व्यक्ति अथवा अन्य कोई संबंधित पक्ष शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। मामले को गंभीर और आपराधिक प्रकृति का बताते हुए शिकायतकर्ता ने विस्तृत जांच की मांग उठाई है।

शिकायत पत्र की प्रतिलिपि सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर, कलेक्टर जगदलपुर और आयुक्त नगर निगम जगदलपुर को भी भेजी गई है। आवेदन में डाक विभाग से आग्रह किया गया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने सहित आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अब यह मामला सामने आने के बाद डाक विभाग की कार्यप्रणाली और महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# पुरुषोत्तम मास में सीताराम शिवालय में 5 जून से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 13 मई।** जिले में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर राधे-राधे परिवार के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिवसीय कथा कार्यक्रम 5 से 11 जून तक जगदलपुर स्थित सीताराम शिवालय में संपन्न होगा । इस धार्मिक आयोजन में कथा व्यास पंकज महाराज द्वारा संगीतमय भागवत कथा का श्रवण भक्तों को कराया जाएगा।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम में परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, अजामिल कथा, प्रह्लाद चरित्र एवं गजेंद्र मोक्ष जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन होगा। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह समेत सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। समापन 11 जून को कथा विश्राम के साथ किया जाएगा।



### नगर पालिका निगम क्षेत्र में सुशासन तिहार अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर

**रायपुर 13 मई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साथ के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के विभिन्न 10 स्थानों पर सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर लगाये जायेंगे। इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों में सुशासन विहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन की प्रशासनिक तैयारियां निरंतर तेज गति से प्रगति पर है। नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत सुशासन तिहार 2026 में दूसरा जनसमस्या निवारण शिविर रायपुर दक्षिण एवं रायपुर उत्तर विधानसभा अंतर्गत नगर निगम जोन 4 वार्ड कमांक 34, 43, 44, 45, 46, 57 एवं 64 हेतु 14 मई 2026 को सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बूढ़ापारा में लगाया जायेगा। इसी म में रायपुर दक्षिण एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 5 क्षेत्र में वार्ड कमांक 39, 40, 41, 42, 66, 67 एवं 68 में 18 मई को महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन अश्वनी नगर में, रायपुर पश्चिम एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन के वार्ड मांक 3, 4, 5, 15, 16, 17, 18 हेतु 19 मई को मारुती मंगलम भवन गुबियारी में, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 6 के वार्ड मांक 58, 59, 60, 61, 62, 63 एवं 65 हेतु 20 मई 2026 को संजय यादव स्कूल संजय नगर में, रायपुर उत्तर एवं रायपुर पश्चिम विधानसमा क्षेत्र में नगर निगम जोन 2 के वार्ड कमांक 6, 13, 14, 26, 27, 28 एवं 35 हेतु 22 मई को शहीद स्मारक भवन जीई रोड के पास जनसमस्या निवारण शिविर का सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जोनवार आयोजन रखा गया है।

### बस्तर के टाकरागुड़ा में ईसाई मतांतरित के शव का कफ़न-दफ़न करने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**जगदलपुर, 13 मई।** बस्तर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर मुख्य मार्ग पर स्थित बड़ाजी थाना क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टाकरागुड़ा में एक ईसाई मतांतरित व्यक्ति की मृत्यु पर गांव में कफ़न दफ़न के मामले को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है द्य यह घटना बेलर टाकरागुड़ा के झीटकापारा की है जहां मृत व्यक्ति का नाम पंडरी नाग जाति माडिया विगत कई वर्षों से ईसाई पंथ का अनुपालन कर रहा था द्य विवाद की स्थिति तब निर्मित हो गई जब ईसाई मतांतरित लोग मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार ईसाई रीति से करने गांव के हिंदू मुक्तिधाम में करने की योजना में थे द्य परन्तु ग्रामीणों को जब यह घटना की जानकारी मिली तत्काल इसका विरोध कर शव को ईसाई कब्रिस्तान में कफ़न दफ़न करने कहा गया। इस मामले में ग्राम पुजारी का कहना है कि हम आदिकाल से ही सत्य सनातन एवं प्रकृति पूजक है हमारे पूर्वज आदिकाल से देवी देवताओं को पूजते आ रहे हैं द्य परन्तु कुछ वर्षों से कुछ लोग अपनी संस्कृति एवं रूढ़ि परंपरा को छोड़कर कर विदेशी पाश्चात्य संस्कृति का पालन कर गांव के परंपरा के विपरीत कार्य करते है ।

### अज्ञात बस ने सुबह की सैर पर निकले युवक को मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 13 मई ।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नया पुल पर आज मंगलवार की सुबह एक अज्ञात तेज रफ्तार बस ने सुबह की सैर पर निकले एक युवक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। लोगों ने तत्काल कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज अस्पताल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह नए पुल के ऊपर कुछ लोग टहल रहे थे। आसना की ओर से आ रही एक यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को पीछे से ठोकर मार दी। इस घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस फरार बस चालक की तलाश कर रही है। साथ ही, मृतक युवक की पहचान स्थापित करने और उसके परिजनों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस आस-पास के क्षेत्रों में युवक की पतासाजी कर रही है ताकि उसकी पहचान हो सके।

# संयुक्त टीम ने नक्सलियों के छिपाए विस्फोटक, हथियार व एक करोड़ से ज्यादा नगदी बरामद की



**नारायणपुर, 12 मई ।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में मिले नक्सली डंप से 1 करोड़ 1 लाख 64 हजार रुपए नगद, हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है। नारायणपुर एसपी रोबिनसन गुड़िया ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि माड़ बचाओ अभियान' के तहत यह कार्रवाई नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ आईटीबीपी और बीएसएफ की संयुक्त टीम के द्वारा जिले में लगातार सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान नक्सलियों के द्वारा छिपाकर रखे गए नगद रकम, हथियार और विस्फोटक सामग्री के डंप का पता चला। एसपी ने बताया कि सुरक्षाबलों की टीम आज मंगलवार को अबूझमाड़-महाराष्ट्र सीमा से लगे जंगल में सुरक्षाबलों की टीम सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। इस दौरान बड़ी मात्रा में नगद राशि और नक्सल सामग्री जमीन पर गढ़ा हुआ मिला, जिसे बरामद किया गया है। डंप में आईईडी बनाने का सामान, हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग का सामान था। वहीं, कुछ पोस्टर भी मिले हैं, जो नक्सलियों के लीडर के बताए जा रहे हैं। इतनी बड़ी रकम कहां से आई पुलिस इसकी जांच कर रही है। उन्होने बताया कि साल 2025-26 में अब तक जिले में कुल 270 हथियार बरामद किए जा चुके हैं। उन्होने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगलों या आस-पास किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस और केंद्रीय बलों को दें, ताकि जिले को पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाया जा सके।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज बरामद नक्सली डंप से - 1. ञ्च47 रायफल - 03 नग, 2. स्क्र रायफल - 03 नग, 3. 303 रायफल - 02 नग, 4. 315 रायफल - 01 नग, 5. AK47 रायफल का मैग्जीन - 05 नग, 6. AKy7 रायफल का जिंदा कारतूस - 113 नग, 7. स्क्र रायफल का जिंदा कारतूस - 182 नग, 8. स्क्र रायफल का मैग्जीन - 13 नग, 9. इंसास रायफल का मैग्जीन - 01 नग, 10. 303 रायफल रायफल का मैग्जीन - 02 नग, 11. 303 रायफल का जिंदा कारतूस - 45 नग, 12. 315 रायफल का मैग्जीन - 01 नग, 13. 315 रायफल का जिंदा कारतूस - 41 नग, 14. 12 बोर बंदूक - 02 नग, 15. देशी कट्टा - 02 नग, 16. 12 बोर का जिंदा कारतूस - 19 नग, 17. एयर गन - 01 नग, 18. बीजीएल सेल - 132 नग, 19. इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर - 08 नग, 20. कॉर्डेक्स वायर - 06 बंडल, 21. मोटोरोला सेट MODEL NO- M33GMO29C2 - 01 नग, 22. वॉकीटॉकी बॉओफेंग - 06 नग, 23. SMG कार्टेज - 12 नग, 24. BGL - 02 नग, 25. BGL कार्टेज - 14 नग, 26. सोरा -5KG लगभग, 27. व्हाईट पाउडर -3KG, 28. रेडियो सेल - 4 सेट, 29. बिजली वायर - 02 बंडल, 30. अन्य दैनिक नक्सल सामग्री बरामद की गयी है।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा शासन के आदेश के प्रतिकूल आदेश जारी करने पर करेगा शिकायत

**बीजापुर, 12 मई ।** शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शिक्षको के विभिन्न संगठनों ने आज बीजापुर के नव पदस्थ कलेक्टर विश्वदीप का सर्व शिक्षक संघ ने आज मंगलवार को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करने के उपरांत एक ज्ञापन सौंपा है। शिक्षको ने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द समर कैंप और ब्रिज कोर्स को बंद करने का आदेश तत्काल प्रभाव से जारी किया जाए अन्यथा शासन के आदेश के प्रतिकूल आदेश जारी करने की शिकायत राज्य संगठन, उच्च कार्यालय और सचिवालय में करने हेतु संघ बाध्य होगा।

शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय अनुदान प्राप्त गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं हेतु राज्य शासन के द्वारा 16 जून तक शिक्षकों का भी ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित है किंतु जिला शिक्षा कार्यालय से जारी विभिन्न आदेश के तहत बच्चो को समर कैंप में लाकर खेल, योग, डांस, इत्यादि की गतिविधियां कराने और शिक्षकों की ड्यूटी समर कैंप संचालन हेतु लगाई गई है। जो कि राज्य शासन के आदेश की अवहेलना है।



शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान में जनगणना जैसा राष्ट्रीय कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी लगी हुई है। इसके साथ ही बस्तर मुन्ने, स्कूल वेंडे दयाकल, तेंदूपत्ता जैसे गैर शिक्षकीय कार्य भी शिक्षकों से लिए जा रहे हैं। एक ही शिक्षक की ड्यूटी दो या तीन कार्यों में लगा दी गई है।इस तपती गर्मी में फील्ड में कार्य करना अत्यंत ही कठिन और दुष्कर है। अभी वर्तमान में हमारे दो शिक्षक मानसिक दबाव और गर्मी के कारण ब्रेन हेमरेज और मृत्यु के शिकार हुए है। उस पर ये शासन के आदेश के विरुद्ध समर कैंप, ब्रिजकोर्स का आदेश निकालना अत्यंत पीड़ादाई और चिंताजनक है। बीजापुर को छोड़कर किसी भी जिले में इस तरह का समर कैंप नहीं चल रहा। इस आदेश से प्रतीत होता है कि राज्य शासन के आदेश जिले में मान्य नहीं होते। इस दौरान कामेश्वर दुब्बा,कैलाश रामटेके,राजेश मिश्रा,बृजलाल पूजारी,महेश यालम,रमन झा,विजय चापड़ी,सुरेश गोटा,प्रदीप साहनी,नागेश गोरला,मोहसिन खान,पुरषोत्तम कुड़मूल,बीरा रामचंद्रम,रमेश कारम,हितेंद्र दुर्गम,व अन्य शिक्षक साथी उपस्थित थे।

# खाद संकट से किसान परेशान, सरकार नियमों में दे शिथिलता : इंद्रजीत महाडिक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**फिंगेश्वर, 13 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में खरीफ सीजन की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने खाद के लिए भटक रहे किसानों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए सरकार से नए नियमों में शिथिलता लाने की मांग की है।

इंद्रजीत महाडिक ने कहा कि जून माह में मानसून की दस्तक होने वाली है और किसान खेतों की तैयारी में जुट चुके हैं, लेकिन क्षेत्र की सहकारी समितियों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकांश सोसायटियों में किसानों को एक बोरी खाद तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है और समितियों के पास खाद की आवक को लेकर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

उन्होंने कहा कि खाद की कमी के कारण किसान परेशान होकर निजी विक्रेताओं और खुले बाजार का रुख कर रहे हैं, जहां उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महाडिक ने बताया कि खाद विक्रेताओं द्वारा किसानों से अनिवार्य रूप से बी-1, नक्शा एवं खसरा दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। यह प्रक्रिया न केवल जटिल है, बल्कि पहले से परेशान किसानों के लिए मानसिक तनाव का कारण भी बन रही है।उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन नियमों में तत्काल शिथिलता लाई जानी चाहिए, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके और खेती की तैयारियां प्रभावित न हों।महाडिक ने कहा कि आसमान में मंडराते बादल किसानों के लिए उम्मीद का संदेश लेकर आते हैं। गांवों में खरीफ फसल की तैयारी का उत्साह दिखाई देने लगा है, खेतों की मेड़ें संवर रही हैं और किसान मेहनत में जुटे हुए हैं, लेकिन खाद की भारी किल्लत ने उनकी उम्मीदों पर चिंता का साया डाल दिया है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते खाद की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, तो इसका सीधा असर खरीफ सीजन की पैदावार पर पड़ेगा। सरकार को अन्नदाताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सहकारी समितियों में शीघ्र खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और खेती का कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सके।

## 1 जुलाई से लागू होगी नई ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका व्यवस्था

**महासमुंद 13 मई ।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास और रोजगार के क्षेत्र में बदलाव करते हुए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 को 1 जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण इलाकों में लागू करने की घोषणा की है। इस नई व्यवस्था के लागू होते ही मनरेगा योजना की जगह नया कानून प्रभावी हो जाएगा। नई योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को केवल मजदूरी आधारित रोजगार उपलब्ध कराना नहीं बल्कि गांवों में स्थायी विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इसके तहत जल संरक्षण ग्रामीण आधारभूत संरचना आजीविका संवर्धन जलवायु अनुकूल कार्य और स्थानीय संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



## कुंजेमुरा शिविर में पीएम सूर्य घर योजना बनी आकर्षण का केंद्र

**रायगढ़, 13 मई।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत विकासखंड तमनार के ग्राम कुंजेमुरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संबंधी स्टॉल लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। शिविर में लगाए गए सौर पैनल मॉडल एवं योजना संबंधी प्रदर्शनी के माध्यम से आमजनों को रूफटॉप सोलर से होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर ने विद्युत विभाग के स्टॉल का अवलोकन कर योजना की प्रगति एवं लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

## एक नजर

### सामारूमा स्कूल का 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**रायगढ़, 13 मई ।** विकासखंड तमनार स्थित शासकीय हाई स्कूल सामारूमा ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में विद्यालय के सभी विद्यार्थी सफल रहे, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में उत्साह का वातावरण है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में संचालित मिशन उत्कर्ष ÷छू लो आसमान÷ कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। नियमित अध्ययन, अतिरिक्त कक्षाएं, विषयवार मार्गदर्शन, सतत मूल्यांकन एवं परीक्षा पूर्व विशेष तैयारी जैसे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब विद्यालयों में दिखाई देने लगा है। उन्होंने बताया कि शासकीय हाई स्कूल सामारूमा में कक्षा 10वीं में कुल 13 विद्यार्थी पंजीबद्ध थे। सभी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और सभी सफल रहे। इनमें 11 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 2 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। यह उपलब्धि विद्यालय की बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था और अनुशासित अध्ययन वातावरण को दर्शाती है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कलेक्टर के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद जिले के विद्यालयों की स्कूलवार समीक्षा भी प्रारंभ कर दी गई है। जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत कम रहा है, वहां विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं की विस्तृत जांच की जा रही है। कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों के लिए विशेष रणनीति तैयार कर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए जाएंगे।

### पंचधारी एनीकट सहित सभी जलाशयों में सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**रायगढ़, 13 मई।** रायगढ़ जिले में हाल के दिनों में पंचधारी एनीकट सहित विभिन्न नदी, तालाब और अन्य जलाशयों में डूबने से हुई जनहानि की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक जनहित में विस्तृत सुरक्षा एडवायजरी जारी की है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा जारी इस सार्वजनिक सूचना में नागरिकों से जलस्रोतों के आसपास अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मानव जीवन सर्वोपरि है तथा एक भी जनहानि पूरे समाज और प्रशासन के लिए अपूरणीय क्षति है।जारी एडवायजरी में कहा गया है कि पंचधारी एनीकट, नदी, तालाब, पोखर एवं अन्य जलाशयों में स्नान, पिकनिक अथवा भ्रमण के दौरान असावधानी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। ऐसे में नागरिकों, अभिभावकों, युवाओं, शिक्षण संस्थानों तथा ग्राम पंचायतों की सामूहिक जिम्मेदारी तय करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को बिना निगरानी किसी भी जलस्रोत के समीप न जाने दें। पारिवारिक पिकनिक अथवा भ्रमण के दौरान बच्चों पर निरंतर नजर रखना आवश्यक बताया गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक दुर्घटना से बचा जा सके। एडवायजरी में युवाओं और आमजन को जलाशयों के आसपास जोखिमपूर्ण गतिविधियों से दूर रहने की सख्त सलाह दी गई है। प्रशासन ने कहा है कि एनीकट के मुहाने, गहरे पानी वाले क्षेत्रों, तेज बहाव, काई लगी फिसलनयुक्त चट्टानों अथवा खतरनाक घाटों के पास सेल्फी लेना, स्टंट करना या वीडियोग्राफी करना जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे स्थानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की गई है। जिन लोगों को तैरना नहीं आता है, उन्हें जलाशयों में प्रवेश नहीं करने की सलाह दी गई है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री, रिव्यु एवं आरसेटी परामर्शदात्री समितियों की बैठक 14 मई को

**महासमुंद 13 मई ।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय रिव्यु समिति एवं जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक गुरुवार 14 मई को शाम 4:30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष महासमुंद में आयोजित की जाएगी।

बैठक में जिले के बैंकिंग कार्यों, वार्षिक जिला साख योजना, सीडी रेशियो, शैक्षिक ऋण, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी एवं मत्स्य पालन ऋण प्रकरणों सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन-धन योजना, आधार एवं मोबाइल सीडिंग, रुपे कार्ड वितरण तथा शासन प्रायोजित विभिन्न स्वरोजगार एवं बैंक ऋण योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी।

सभी बैंकर्स एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी एवं उपलब्धि आंकड़ों सहित निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# सुशासन तिहार बना जनविश्वास का महाअभियान,गांव-गांव पहुंच रही सरकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप पूरे प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार अब जनविश्वास और जनसरोकार का बड़ा अभियान बनता जा रहा है। गांव-गांव आयोजित हो रहे जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए राहत का प्रभावी माध्यम साबित हो रहे हैं, जहां लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है और उन्हें शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड तमनार के ग्राम कुंजेमूरा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।




कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की सुशासन नीतियों को ग्रामीण विकास और जनकल्याण का मजबूत आधार बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार गांव, गरीब, किसान, माताओं-बहनों और युवाओं की सरकार है। राज्य सरकार की योजनाएं सीधे जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रही हैं और यही सुशासन की वास्तविक अवधारणा है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश के 18 लाख जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर मिलता है, तब सुशासन की शुरुआत होती है। किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी पर 3100 रुपये का समर्थन मूल्य मिलना, भूमिहीन किसानों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सहायता, प्रदेश की 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रुपये की सहायता मिलना-ये सभी सुशासन की मजबूत पहचान हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक पुल, पुलिया, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं और मूलभूत अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है। राज्य सरकार नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है।

पूर्व मंत्री श्री राठिया ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जेठ माह की भीषण गर्मी में गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दे रहे हैं। इससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति विश्वास और उत्साह लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की। इस दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शिविर का निरीक्षण किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।कुंजेमूरा शिविर में मांग एवं शिकायतों से जुड़े कुल 626 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के समय-सीमा में समाधान का आश्वासन प्रशासन द्वारा दिया गया। शिविर में क्लस्टरवार 20 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी वितरित किया गया। श्रम विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र दिए गए, वहीं 4 महिलाओं को ÷लखपति दीदी÷ योजना के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिनमें तीन लोगों को सेटेबल वॉकिंग स्टिक तथा एक हितग्राही को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार 4 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। उद्यान विभाग द्वारा 16 हितग्राहियों को फलदार पौधों का वितरण किया गया, जबकि पशुधन विकास विभाग की ओर से 5 लोगों को मिनरल मिक्चर पाउडर प्रदान किया गया। विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 5 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा 5 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया।

# निजी विद्यालयों की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक, खराब परीक्षाफल पर दी कड़ी चेतावनी

**रायगढ़, 13 मई ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के सीबीएसई मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त अशासकीय निजी विद्यालयों के प्राचार्य, संस्था प्रमुख एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जहां शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षाफल सुधार तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर गंभीरता से समीक्षा की गई।



बैठक में सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षाफल की गहन समीक्षा करते हुए विद्यालयवार प्रदर्शन का परीक्षण किया गया। जिन विद्यालयों का परीक्षाफल संतोषजनक नहीं पाया गया, उन्हें कड़ी चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिए गए कि आगामी सत्र में परिणाम सुधार हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। प्रशासन द्वारा निर्देशित करते हुए कहा गया कि विद्यार्थियों के भविष्य एवं शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के भविष्य एवं शिक्षा के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। विद्यालयों को विद्यार्थियों के एकेडमिक स्तर में सुधार लाने पर विशेष ध्यान देने, नियमित कक्षा संचालन सुनिश्चित करने तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने हेतु संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को आवश्यक एवं कड़े निर्देश जारी किए गए।समीक्षा के दौरान सत्र 2025-26 में कक्षा संचालन की स्थिति, सत्र 2026-27 के लिए लक्ष्य निर्धारण, कक्षावार पाठ्यपुस्तकों की सूची, विद्यालय बसों की फिटनेस रिपोर्ट, शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतन संबंधी जानकारी, आरटीई अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों की कक्षावार जानकारी तथा विगत तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में सभी संस्था प्रमुखों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने, नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में समस्त आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि कमजोर शैक्षणिक प्रदर्शन, प्रशासनिक अनियमितता अथवा विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।डीएवी स्कूल धरमजयगढ़ एवं लैलूंगा सहित अन्य विद्यालयों के निराशाजनक परीक्षा परिणाम एवं खराब शैक्षणिक प्रदर्शन पर कलेक्टर द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में कहा गया कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित संस्थाओं को अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने, शिक्षकों की जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। भविष्य में प्रदर्शन में सुधार नहीं होने की स्थिति में कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

# आबकारी अमले ने अवैध शराब सहित तीन को किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 मई ।** कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर 10 एवं 11 मई को रायगढ़ शहर और खरसिया क्षेत्र में दबिश देकर विदेशी मदिरा एवं अवैध महुआ शराब जब्त की गई तथा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी वृत्त रायगढ़ (शहर) की टीम ने गांधीनगर, थाना-जूटमिल निवासी अघनमति महिलांगे के कब्जे से 48 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की जब्त की। जब्त शराब की मात्रा 8.280 बल्क लीटर एवं अनुमानित कीमत 5 हजार 520 रुपये बताई गई है। वहीं आबकारी वृत्त खरसिया अंतर्गत अलग-अलग कार्रवाई में रतन महका निवासी तुलसीराम साहू के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब तथा घघरा निवासी बोटलाल सारथी के पास से 11 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। दोनों मामलों में जब्त शराब की कुल कीमत 4 हजार 200 रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल दाखिल किया गया। आबकारी अधिकारी ने कहा है कि अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं बिक्री के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा।

# पीईटी-26 का आयोजन 14 मई को

**रायगढ़, 13 मई ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पी.ई.टी. (पीईटी 26) का आयोजन 14 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा हेतु जिला रायगढ़ में 2 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें 507 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मी से फ्रिस्किंग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम मोबा.नं.97535-36151 को नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य श्री भुवनेश्वर पटेल मोबा.नं.70000-81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

परीक्षार्थियों को निम्नांकित निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व प्रातः 9.30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बाह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा तभी परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। फुटवियर के रुप में केवल चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है।परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रुप में मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## एसबीएमजी एवं एनजीटी मॉडल विलेज कार्यों के संबंध समीक्षा बैठक आयोजित

**रायगढ़, 13 मई ।** जिला पंचायत रायगढ़ में सोमवार को कलेक्टर के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नीलाराम पटेल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एसबीएमजी) एवं एनजीटी मॉडल विलेज कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न जनपदों से चयनित 10-10 ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

# सुशासन तिहार में 'मोर गांव मोर पानी' अभियान से आजीविका और जल संरक्षण को मिला नया आधार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 13 मई।** रायगढ़ जिले में जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने की दिशा में प्रशासन लगातार नवाचारपूर्ण पहल कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार संचालित ÷सुशासन तिहार÷ और ÷मोर गांव मोर पानी÷ अभियान अब ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जनपद पंचायत तमनार अंतर्गत ग्राम कुंजेमुरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गायत्री मां स्व-सहायता समूह की सदस्य को आजीविका डबरी का हस्तांतरण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



शिविर में ग्राम पंचायत सराईटोला निवासी श्रीमती सनमेत अगरिया, पति श्री बुधराम अगरिया को नवनिर्मित आजीविका डबरी का प्रबंधन एवं स्वामित्व औपचारिक रूप से सौंपा गया। श्रीमती अगरिया गायत्री मां स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। सुशासन तिहार के जन समस्या निवारण शिविर में प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री सत्यानंद राठिया, जनपद अध्यक्ष जागेश सिदार, अश्वनी कुमार पटनायक, जिला पंचायत सदस्य बंशीधर चौधरी, रमेश बेहरा, विनायक पटनायक, सतीश बेहरा, सरोज बेहरा, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने यह प्रमाण पत्र प्रदान किया।

प्रशासन का मानना है कि आजीविका डबरियां ग्रामीण परिवारों के लिए बहुआयामी आय का माध्यम बन रही हैं। इन डबरियों के माध्यम से मत्स्य पालन, उद्यानिकी, साग-सब्जी उत्पादन तथा जलीय फलों की खेती जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीण महिलाओं और उनके परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि संभव हो सकेगी। रायगढ़ जिले में ÷मोर गांव मोर पानी÷ अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मनरेगा योजना के माध्यम से जिले में वर्तमान में 400 से अधिक आजीविका डबरियों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिन्हें मई माह के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा ÷नवा तरिया आय का जरिया÷ परियोजना के अंतर्गत जिले में 23 नए तालाबों का निर्माण भी किया जा रहा है। इन तालाबों को विशेष रूप से सीएलएफ महिला समूहों की आजीविका गतिविधियों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है।

इन जल संरचनाओं में मछली पालन, दोहरी फसल, साग-सब्जी उत्पादन और जलीय फलों की खेती जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। जिले में पिछले दो वर्षों से संचालित ÷जल संकल्प÷ अभियान के माध्यम से जल संचय, संरक्षण और संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन का वास्तविक उद्देश्य है। आजीविका डबरी का हस्तांतरण केवल एक योजना का लाभ नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सम्मान से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रशासन को विश्वास है कि श्रीमती सनमेत अगरिया और उनका समूह इस पहल के माध्यम से स्वावलंबन की नई मिसाल स्थापित करेंगे। कुंजेमुरा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा जल संरक्षण और आजीविका आधारित गतिविधियों को लेकर उत्साह भी दिखाई भी दिए।

# गुपचुप खाने के बाद बीमार 26 लोगों में से एक महिला की मौत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 13 मई।** दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के ग्राम बेलौदी में गुपचुप खाने के बाद 26 लोगों की तबीयत बिगड़ गई उल्टी दस्त की शिकार एक महिला की मंगलवार शाम मौत हो गई घटनाा जामगांव थाना क्षेत्र की है मृत महिला सरस्वती निषाद पति अशोक निषाद उम्र 45 वर्ष सोमवार को गांव में गुपचुप खाया था जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई थी उल्टी दस्त की शिकायत मिली जानकारी के अनुसार महिला उल्टी दस्त की शिकायत होने के बाद निजी डॉक्टर के पास पहुंची थी दवाई खाने के बाद भी जब राहत नहीं मिली तो मंगलवार को गाड़ाडीह के अस्पताल में भर्ती हुई जहां शाम लगभग 4 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया भर्ती इधर बेलौदी गांव में गुपचुप खाने के बाद लगभग 26 लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी जिनमें से तीन लोगों को उपचार के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था इधर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव पहुंची जहां राहत कैंप लगाकर लोगों की जांच की गई। उसके बाद उपचार किया गया। मंगलवार को बीएमओ डॉक्टर कठौतिया ने बताया की स्थिति नियंत्रण में है उल्टी दस्त के शिकायत वाले मरीज को दवाई देकर उनका उपचार किया जा रहा है।

